● जयपुर, गुरुवार 19 दिसंबर 24 ● वर्ष 14 ● अंक 121 ● पृष्ठ : 8 ● मूल्य : 1 रुपये

www.chamaktarajasthan.in | Email : chamaktarajasthan8789@gmail.com

डाक पंजीयन संख्या: RJ/JPC/D19/2024-25

RNI. No. RAJHIND/2011/40950

दैनिक

राज्य तथा केंद्र द्वारा मान्यता प्राप्त

सच के साथ मजबूती से बढ़ाये क़दम

# चमकता राजस्थान

विज्ञापन के लिए : 93145 05000

जयपुर से प्रकाशित एवं प्रसारित

अजमेर, सीकर, झुंझनुं, सवाईमाधोपुर, चित्तौड़गढ़, बूँदी, धौलपुर, हिंडौन, भरतपुर, झालावाड़, जोधपुर, बीकानेर से प्रसारित

**सुविचार**

''सत्य को हज़ार तरीकों से बताया जा सकता है, फिर भी हर एक सत्य ही होगा।''

● स्वामी विवेकानंद

पेज @ 3 हर वर्ग और हर जन की सेवा ही राज्य सरकार का संकल्प लोककल्याणकारी फैसलों से ...

पेज @ 4 बेगस स्थित केंद्रीय प्रशिक्षण संस्थान में गृह रक्षा के नवनियुक्त आरक्षियों का...

पेज @ 8 प्रदेश में पोपा बाई का राज कायम मुख्य मंत्री घूमने में व्यस्त : डोटासरा...

## न्यूज़ अपडेट

### जम्मू-कश्मीर : कठुआ के एक घर में लगी आग, दो बच्चों समेत छह की मौत

**कठुआ/एजेंसी।** जम्मू के कठुआ स्थित शिवानगर शहर में बुधवार को दुखद हादसे में छह लोगों की जान चली गई। कठुआ के जीएमसी अस्पताल के चिकित्सक के मुताबिक घर में आग लग गई थी जिसमें दम घुटने से सभी की मौत हो गई। मरने वालों में दो बच्चे भी शामिल हैं।

वहीं, आग लगने की सूचना मिलने के बाद मौके पर दमकल विभाग के कर्मचारी पहुंचे।

कठुआ जीएमसी अस्पताल के डॉ. सुरिंदर अत्री ने कहा, यह एक दुखद घटना है। यह आग रेंटेड हाउस में लगी है। हमारे असिस्टेंट मैट्रन तीन चार महीने पहले रिटायर हुई थीं। किराए के मकान में ही यह घटना घटी। इस घटना में कुल छह लोगों की जान चली गई। बचे हुए तीन लोग अभी खतरे से बाहर हैं। कहा जा रहा है कि उनके घर में किसी प्रकार की जोत या आग जलती थी, जिससे फर्नीचर और अन्य सामग्री में आग लग गई। यह आग पूरी तरह से उनके कमरे में फैल गई और इसका असर उनके आसपास के कमरे पर भी पड़ा, जिससे घबराहट और धुएं से ही मौत हो गई। उन्होंने आगे कहा, इस घटना में जलने के कोई स्पष्ट संकेत नहीं मिले हैं, बल्कि धुएं के कारण हुई दम घुटने की वजह से यह हादसा हुआ। यह सब एक ही कमरे में सोते हुए हुआ। यह घटना रात लगभग 2:21 बजे के आसपास हुई। फोन पर उन्हें इस घटना की सूचना दी गई। कॉल के बाद तुरंत प्रशासन और पुलिस से संपर्क किया गया और बाद में लोग अस्पताल लाए गए।

### बुलंदशहर में कोहरे का सितम, हाइवे पर टकराई एक दर्जन गाडियां, कई लोग घायल

**बुलंदशहर/एजेंसी।** यूपी के बुलंदशहर में कोहरे ने कहर बरपा रखा है। बुलंदशहर के एनएच-91 पर कोहरे की वजह से एक के बाद एक कई गाडियां आपस में टकरा गईं। इस हादसे में कई लोगों के घायल होने की खबर सामने आ रही है। बताया जा रहा कि हाईवे पर काफी कोहरे का कारण विजिबिलिटी काफी कम थी इस कारण कई गाडियां हादसे का शिकार हो गई हैं। गाडियों में रोडवेज बस, कार, ट्रक शामिल हैं।

सिलेंडर लदा ट्रक भी टकराया

यह हादसा बुलंदशहर के खुर्जा देहात क्षेत्र के मधुसूदन डेयरी के पास ह॥-91 पर हुआ है। यहां घने कोहरे की वजह से कई गाडियां आपस में टकरा गईं। इस हादसे में दो दर्जन से अधिक यात्री घायल बताए जा रहे हैं। इसके अलावा, हाईवे पर गैस सिलेंडर लदा ट्रक भी टकराया, गनीमत रही कि कोई भी सिलेंडर फटा नहीं। नहीं तो और भी बड़ा हादसा हो सकता था। मौके पर पुलिस बल राहत बचाव कार्य में जुट गई है, घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

#### तृणमूल कांग्रेस ने बाबा साहब के अपमान का आरोप लगाते हुए किया वॉकआउट

# बाबासाहेब आंबेडकर के मुद्दे पर राज्यसभा में जोरदार हंगामा

**नयी दिल्ली । एजेंसी**

राज्यसभा की कार्यवाही बुधवार को हंगामे की भेट चढ़ गई। सुबह कार्यवाही दो बजे तक के लिए स्थगित की गई थी। फिर दो बजे कार्यवाही शुरू होते ही बाबा साहब आंबेडकर को लेकर पक्ष और विपक्ष के बीच हंगामा शुरू हो गया। विपक्ष ने अमित शाह के बयान पर सत्ता पक्ष से माफी मांगने की मांग की। इस बीच तृणमूल कांग्रेस ने बाबा साहब के अपमान का आरोप लगाते हुए सदन से वॉकआउट किया। सदन में हंगामे के बीच कार्यवाही को गुरुवार सुबह ग्यारह बजे तक के लिए स्थगित कर दिया गया।

राज्य सभा में बुधवार को संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने बाबा साहेब अंबेडकर के अपमान को लेकर विपक्ष को घेरते हुए कहा कि कल केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने अपने भाषण में बाबा साहेब के प्रति हमारे श्रद्धा भाव को स्पष्ट रूप से दर्शाया। उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस ने आंबेडकर का अपमान किया। कांग्रेस पार्टी ने इतने सालों तक उन्हें भारत रत्न नहीं दिया। 1952 में एक साजिश के तहत उन्हें चुनाव में हराया। कांग्रेस को देश से माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने बाबा साहेब आंबेडकर के इतिहास को खत्म करने की कोशिश की। उन्हें सही स्थान नहीं दिया। इसके कारण आंबेडकर को पंडित नेहरू के कैबिनेट से इस्तीफा देना पड़ा।

### कार्यवाही कल तक के लिए की गयी स्थगित



## तथ्यों को तोड़ मरोड़ कर पेश कर रही है कांग्रेस : अमित शाह

**नयी दिल्ली । एजेंसी**

- केंद्रीय गृहमंत्री ने प्रेस कांग्रेस कर किया पलटवार, कहा
- कांग्रेस आरक्षण विरोधी, अंबेदकर विरोधी और संविधान विरोधी पार्टी

गृहमंत्री अमित शाह ने बुधवार को कांग्रेस के आरोपों पर पलटवार करते हुए कहा कि उनकी बातों और तथ्यों को तोड़ मरोड़ कर जनता के सामने पेश किया जा रहा है, यह निंदनीय है। उन्होंने कहा कि कल से कांग्रेस ने फिर एक बार अपनी पुरानी पद्धति को अपनाकर, बातों को तोड़-मरोड़कर और सत्य को असत्य के कपड़े पहनाकर समाज में भ्रांति फैलाने का एक कुत्सित प्रयास किया है। संसद में चर्चा के दौरान ये सिद्ध हो गया कि बाबा साहेब आंबेडकर का कांग्रेस ने किस तरह से पुरजोर विरोध किया था। बाबा साहेब के न रहने के बाद भी किस प्रकार से कांग्रेस ने उन्हें हाशिये पर धकेलने का प्रयास किया। राज्यसभा में संविधान के 75 साल की गौरवशाली यात्रा पर चर्चा के दौरान गृह मंत्री अमित शाह के बयान को लेकर विपक्ष हमलावर है। इसके जवाब में अमित शाह ने भाजपा मुख्यालय में प्रेसवार्ता कर सिलसिलेवार तरीके मीडिया के सामने रखे।

### आंबेडकर पर टिप्पणी को ले खरगे ने गृहमंत्री शाह से मांगा इस्तीफा

**नयी दिल्ली/एजेंसी।** कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने बुधवार को केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर के बारे में कथित 'अपमानजनक टिप्पणी' के लिए इस्तीफे की मांग की। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि अमित शाह को देश से माफी मांगनी चाहिए। संसद के बाहर पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत में खरगे ने कल सदन में संविधान पर बहस के दौरान शाह द्वारा की गई टिप्पणी का जिक्र किया, जिसमें उन्होंने (अमित शाह) विपक्षी सदस्यों से कहा था कि जितनी बार वे (विपक्षी सदस्य) बाबा साहेब का नाम लेते हैं, अगर उतनी बार वे भगवान का नाम लेंगे तो उन्हें सात बार स्वर्ग मिलेगा।

खरगे ने कहा कि इससे पता चलता है कि गृहमंत्री खुद डॉ. आंबेडकर के संविधान का सम्मान नहीं करना चाहते हैं। कांग्रेस अध्यक्ष ने चेतावनी दी कि इस तरह की अपमानजनक टिप्पणी से पूरे देश में गुस्सा फैल सकता है, क्योंकि कोई भी डॉ. आंबेडकर और देश के संविधान का अपमान बर्दाश्त नहीं करेगा।

### अमित शाह को देश से माफी मांगनी चाहिए,उन्हें अपने पद से इस्तीफा देना चाहिए : मल्लिकार्जुन खड़गे



**नई दिल्ली/एजेंसी।** संविधान पर बहस के दौरान राज्यसभा में केंद्रीय गृह मंत्री के भाषण पर राज्यसभा के नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा, ...उन्होंने बाबा साहेब अंबेडकर और संविधान का अपमान किया है। मनुस्मृति और क्रस्स की उनकी विचारधारा यह स्पष्ट करती है कि वह बाबा साहेब अंबेडकर के संविधान का सम्मान नहीं करना चाहते हैं। हम इसकी निंदा करते हैं और उनके इस्तीफे की मांग करते हैं। उन्हें देश के लोगों से माफी मांगनी चाहिए...उन्हें अपने पद से इस्तीफा दे देना चाहिए।

राज्यसभा में केंद्रीय मंत्री किरण रिजिजू ने कहा, कल केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने अपने भाषण में अंबेडकर जी के बारे में हमारी श्रद्धा का भाव स्पष्ट रूप से प्रकट किया था। उन्होंने यह भी कहा कि कैसे कांग्रेस ने अंबेडकर जी का अपमान किया जब वह जीवित थे...कांग्रेस पार्टी ने उन्हें इतने सालों तक भारत रत्न से सम्मानित नहीं किया और इसके साथ ही कांग्रेस पार्टी ने बाबा साहब का अपमान किया और 1952 में एक चुनाव में साजिश के तहत उन्हें हरा दिया..मैं बौद्ध हूं और बाबा साहब के बताए रास्ते पर चलने वाला व्यक्ति हूं। इस देश में बाबा साहब ने 1951 में कानून मंत्री के पद से इस्तीफा दे दिया था। 71 साल बाद पीएम नरेंद्र मोदी ने एक बौद्ध (यानी मुझे) को देश का कानून मंत्री बनाया

कांग्रेस ने निर्लज्जता के साथ संविधान में किया संशोधन : अमित शाह

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को संविधान के 75 वर्ष पूरे होने पर राज्यसभा में आयोजित चर्चा के दौरान विपक्ष पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि संविधान संशोधनों से पार्टियों के कैरेक्टर के बारे में पता चलता है।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने राज्यसभा में कहा कि आज हम जिस मुकाम पर खड़े हैं, उस मुकाम पर महर्षि अरविंद और स्वामी विवेकानंद की वो भविष्यवाणी सच होती दिखाई पड़ती है कि भारत माता अपनी देदीप्यमान ओजस्वी स्वरूप में जब खड़ी होंगी, तब दुनिया की आंखें चकाचौंध हो जाएगी और पूरी दुनिया रोशनी के साथ भारत की ओर देखेगी।

## दिल्ली-एनसीआर में तीखे हुए सर्दी के तेवर, कश्मीर में जम गए झरने, राजस्थान के सीकर-चूरू में भी जमी बर्फ

**नई दिली/एजेंसी।**

उत्तर और पूर्वी भारत के कई हिस्सों में बुधवार को भी सर्दी का सितम जारी है। दिल्ली-एनसीआर में बढ़ती ठंड़ ने लोगों की परेशानी भी बढ़ा दी है। ठंड़ से बचाव के लिए जरूरतमंद लोग रैन बसेरा में रात गुजार रहे हैं। दिल्ली-एनसीआर के अलग-अलग हिस्सों में कोहरे की चादर छाई हुई। कोहरे के कारण विजिबिलिटी कम हो गई। वाहन चलाते समय लोगों को खासा दिक्कत हो रही है।



» पडने़ वाली है और भयंकर ठंड

ठंड के सितम के बीच अब मौसम विभाग की ओर से ताजा अपडेट सामने आया है। मौसम विभाग के अनुसार 18 दिसंबर को हिमालयी क्षेत्र को एक नया पश्चिमी विक्षोभ प्रभावित कर सकता है जिसके कारण अगले कुछ दिनों बाद यूपी में कड़ाके की ठंड पड़ सकती है। वहीं, ढ्रूस्ष्ठ के पूर्वानुमान के अनुसार बुधवार को यूपी के कुछ हिस्सों में सुबह या देर रात के समय मध्यम और छिछला कोहरा दिखाई दे सकता है। हालांकि मौसम विभाग की ओर से फिलहाल घने कोहरे या शीतलहर को लेकर कोई अलर्ट नहीं जारी किया गया है।

» राजस्थान के कई शहरों में तापमान माइनस में जाएगा

राजस्थान में तापमान में काफी गिरावट आई है। 16 शहरों में न्यूनतम तापमान 5 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज किया गया। सीकर और झुंझुनू में अधिकतम तापमान 4 डिग्री सेल्सियस तक गिर गया। मौसम विशेषज्ञों का अनुमान है कि अगले तीन दिनों में ठंड और बढ़ेगी।

» सीजन में पहली बार शीतलहर का ऑरेंज अलर्ट

मौसम विभाग की ओर से इस सीजन में पहली बार शीतलहर का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। फतेहपुर (सीकर) समेत कई शहरों में तापमान शून्य या उससे भी नीचे जा सकता है। सीकर के पास फतेहपुर में मंगलवार को भी पारा शून्य से नीचे चला गया। सीकर और चूरू के आसपास के इलाकों में भी बर्फ जम गई। भीलवाड़ा, वनस्थली, अलवर, करौली, चूरू, श्रीगंगानगर और जालौर में मौसम का सबसे कम तापमान दर्ज किया गया। माउंट आबू के मैदानी इलाकों में घास पर ओस जम गई और तापमान पांच डिग्री से नीचे चला गया।

#### नौसेना को मिला 'निर्देशक' सर्वेक्षण पोत

## हिंद महासागर क्षेत्र में भारतीय नौसेना अब होगी और मजबूत

**नयी दिल्ली । एजेंसी**

भारतीय नौसेना को आज सर्वेक्षण पोत 'निर्देशक' मिल गया, जो हिंद महासागर क्षेत्र में भारत की सामरिक उपस्थिति को सशक्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। जीआरएसई कोलकाता में निर्मित इस पोत में 80 फीसदी से अधिक स्वदेशी सामग्री इस्तेमाल की गयी है, जिससे जहाज के डिजाइन और निर्माण में भारत के आत्मनिर्भर होने की पुष्टि होती है। लगभग 3800 टन भार वाला 110 मीटर लंबा यह जहाज दो डीजल इंजनों से संचालित है और अत्याधुनिक हाइड्रोग्राफिक तथा समुद्र विज्ञान सर्वेक्षण उपकरणों से लैस है।

### अत्याधुनिक हाइड्रोग्राफिक और समुद्र विज्ञान सर्वेक्षण उपकरणों से लैस है पोत




### अत्याधुनिक हाइड्रोग्राफिक प्रणालियों से है लैस

रक्षा मंत्रालय और कोलकाता के गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स (जीआरएसई) में एसवीएल प्रोजेक्ट पर 30 अक्टूबर, 2018 को हस्ताक्षर किए गए थे। इस प्रोजेक्ट के तहत चार एसवीएल जहाजों का निर्माण किया जाना था। प्रोजेक्ट का पहला जहाज 'संध्याक' 05 दिसंबर, 21 को कोलकाता में लॉन्च किया गया था। एसवीएल के चार जहाजों में से तीन का निर्माण गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स (जीआरएसई) के सहयोग से लार्सन एंड टुब्रो (एलएंडटी) के कट्टुपल्ली कारखाने में किया जा रहा है। यह उन्नत पोत मल्टी-बीम इको साउंडर्स, साइड स्कैन सोनार और आरओवी जैसी अत्याधुनिक हाइड्रोग्राफिक प्रणालियों से लैस है। यह हाइड्रोग्राफिक सर्वेक्षण, नेविगेशन, गहरे समुद्र में संचालन और पर्यावरण अध्ययन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा, जिससे भारत की समुद्री क्षमताओं को बढ़ावा मिलेगा।

### पोत का यह है एक तरह का पुनर्जन्म

विशाखापत्तनम स्थित नौसेना डॉकयार्ड में बुधवार को रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ की मौजूदगी में नौसेना में शामिल किये गए सर्वेक्षण पोत 'निर्देशक' का यह एक तरह पुनर्जन्म है, क्योंकि पूर्ववर्ती 'निर्देशक' की 32 वर्षों तक भारतीय नौसेना में विशिष्ट सेवाएं देने के बाद 19 दिसंबर, 2014 को विदाई दे दी गई थी। अब सर्वेक्षण पोत (वृहद) परियोजना का दूसरा जहाज 'निर्देशक' जल सर्वेक्षण करने, नौवहन में सहायता करने और समुद्री परिचालन में सहायता करने के लिए तैयार किया गया है। भारतीय नौसेना के लिए एसवीएल प्रोजेक्ट के तहत बनाए जा रहे चार सर्वे वेसल (बड़े) में से दूसरा 'निर्देशक' पिछले साल 26 मई को चेन्नई के कट्टुपल्ली में लॉन्च किया गया था।

### 18 नॉटिकल मील प्रति घंटा की अधिकतम गति

विशाखापत्तनम स्थित नौसेना डॉकयार्ड में आज हुए कमीशनिंग समारोह का आयोजन पूर्वी नौसेना कमान के फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ ने किया। आईएनएस 'निर्देशक' समुद्र में 25 दिनों से अधिक समय तक टिके रहने और 18 नॉटिकल मील प्रति घंटा की अधिकतम गति के साथ भारत की समुद्री क्षमताओं को बढ़ाने के लिए तैयार है। यह देश के जलक्षेत्र का मानचित्रण करने और विदेशी सहयोग सर्वेक्षणों के माध्यम से हिंद महासागर क्षेत्र में भारत की सामरिक उपस्थिति को सशक्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इस सर्वेक्षण पोत को नौसेना में शामिल किया जाना भारत के हाइड्रोग्राफिक बेड़े के आधुनिकीकरण में महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।

## पंजाब में तीन घंटे रेल पटरियों पर बैठकर किसानों ने जताया विरोध

### किसानों ने 30 दिसंबर को पंजाब बंद का किया ऐलान

**चंडीगढ़ । एजेंसी**

पंजाब के शंभू व खनौरी बॉर्डर पर चल रहे किसान आंदोलन के समर्थन में बुधवार को किसानों ने तीन घंटे तक रेलवे ट्रैक जाम कर-के विरोध जताया। किसानों ने रेल ट्रैक पर बैठने से दर्जनों ट्रेनों के रूट डायवर्ट किए गए, जबकि कई गाड़ियों को रद्द कर दिया गया। रेल रोको आंदोलन के कारण भारी संख्या में यात्री परेशान रहें। किसानों ने रेल रोको आंदोलन को सफल करार देते हुए अब 30 दिसंबर को पंजाब बंद का ऐलान किया है।

किसान नेता सरवरण सिंह पंधेर ने कहा कि हम दुकानदारों, धार्मिक संस्थाओं, व्यापार मंडल और ट्रेड यूनियनों से मीटिंग करेंगे। उनसे मांग करेंगे कि वह पंजाब बंद में सहयोग दें। किसानों ने आज पंजाब में तीन घंटे रेलवे ट्रैक जाम किया।



### शंभू बॉर्डर पर जहरीला पदार्थ खाने वाले किसान की मौत

**चंडीगढ़/एजेंसी।** पंजाब के शंभू बार्डर पर तीन दिन पूर्व जहर पदार्थ खाने वाले किसान की बुधवार को पटियाला के अस्पताल में मौत हो गई। साथी की मौत से किसान भड़क गए और आंदोलन को तेज करने का ऐलान किया है। शंभू में गत दिवस खन्न के गांव रतनहेड़ी के किसान रणजोध सिंह ने सल्फास निगल ली थी। जिसके बाद उसे पटियाला के राजिंद्रा अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

**जगजीत सिंह डल्लेवाल की हालत भी गंभीर**

# राजस्थान में पीकेसीईआरसीपी परियोजना का साकार होता सपना

राजस्थान और मध्यप्रदेश के बीच पार्वती, कालीसिंध, चंबल ईस्टर्न राजस्थान कैनाल प्रोजेक्ट यानी पीकेसीईआरसीपी के एमओयू के एक साल से भी कम समय में एमओए (मेमोरेंडम ऑफ एग्रीमेंट) में तब्दील होना राजनीतिक इच्छाशक्ति के रूप में देखा जाना चाहिए। देश में नदी जोड़ो परियोजना का सपना देखा गया था जो अब धरातल पर उतर रहा है। राजस्थान जैसे पानी की किल्लत से जूझते प्रदेश में पीकेसीईआरसीपी खासतौर पर पूर्वी राजस्थान के लिए गंगा अवतरण से कम नहीं है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भजनलाल शर्मा सरकार के एक साल पूरे होने के अवसर पर इस परियोजना के प्रथम चरण के अंतर्गत कालीसिंध नदी पर 1069 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित नवनेरा बैराज का लोकार्पण किया।

परियोजना के प्रथम चरण में पेयजल के लिए कूल नदी पर रामगढ़ बैराज, पार्वती नदी पर महलपुर बैराज और नवनेरा बांध में संग्रहित जल के उपयोग हेतु नवनेरा-गलवा-बीसलपुर-ईसरदा (एनजीबीआई) लिंक परियोजना के तीन पैकेज के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। इन पैकेज में 9416.70 करोड़ रुपए की लागत से नवनेरा बैराज से गलवा बांध होते हुए बीसलपुर व ईसरदा बांध तक जरूरत के अनुसार जल प्रत्यावर्तन के लिए नहर तंत्र, पम्पिंग स्टेशन एवं पाइपलाइन का निर्माण कार्य किया जाएगा। संशोधित पार्वती-कालीसिंध चंबल (एकीकृत ईआरसीपी) परियोजना पूरी होने पर राजस्थान के 21 जिलों में रहने वाले लगभग सवा तीन करोड़ लोगों को सुलभ पेयजल की उपलब्धता के साथ साथ लगभग ढाई लाख हेक्टेयर नये क्षेत्र में सिंचाई तथा लगभग डेढ़ लाख हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई हेतु अतिरिक्त पानी की व्यवस्था हो सकेगी। लाभान्वित जिलों में झालावाड़, बारां, कोटा, बूंदी, टोंक, सवाई माधोपुर, गंगापुर सिटी, दौसा, करौली, धौलपुर, भरतपुर, डीग, अलवर, खैरतल-तिजारा, कोटपूतली-बहरोड़, जयपुर शहर, जयपुर ग्रामीण, दूदू, अजमेर, ब्यावर और केकड़ी शामिल है।

राजनीतिक आलोचना-प्रत्यालोचना को अलग कर दिया जाए तो पीकेसीईआरसीपी परियोजना के क्रियान्वयन की शुरुआत राजस्थान जैसे प्रदेश के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है। पीकेसीईआरसीपी से पूर्वी राजस्थान के 13 जिलों के नागरिकों और किसानों को सीधा लाभ मिलेगा। इससे प्रदेश में पेयजल, सिंचाई के लिए पानी, औद्योगिक विकास, युवाओं के लिए रोजगार के अवसर और इसी तरह के अनेक फायदे होने वाले हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारन्टी और मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा द्वारा कार्यभार संभालने के एक माह से भी कम समय में राजस्थान के लिए जीवनदायी इस परियोजना पर सहमति बनवाना और एमओयू कर क्रियान्वयन के स्तर पर लाना अपने आप में बड़ी बात थी और आज उससे भी बड़ी बात एमओयू को एमओए में बदलना है। करीब 21 साल पुराना सपना पार्वती-कालीसिंध-चंबल इस्टर्न राजस्थान केनाल परियोजना को लेकर केन्द्र सरकार, राजस्थान व मध्यप्रदेश के बीच संपन्न करार के साथ ही साकार होने लगा है। राजस्थान नहर के बाद यह अपने आप में सबसे बड़ा प्रोजेक्ट होगा जिससे 13 जिलों के रहवासियों की सभी तरह की पानी की जरुरत पूरी हो सकेगी। इसके साथ यह भी महत्वपूर्ण होगा कि हर साल बरसात सीजन में बाढ़ के कारण जन-धन और फसलों की बर्बादी का कारण बनने वाला यह पानी पानी की समस्या से जूझ रहे प्रदेशवासियों वासियों के काम आ सकेगा। बेकार बह जाने वाला पानी संग्रहित होगा, धरती, यहां के निवासियों और मवेशियों की प्यास बुझाने के काम आ सकेगा। इस परियोजना में राजस्थान को 4103 एमसीएम पानी मिलेगा वहीं, मध्यप्रदेश को 3000 एमसीएम पानी मिलेगा। सात साल बाद इस परियोजना के पूरे होने के बाद जहा प्रदेश की 3.25 करोड़ आबादी की पानी की जरूरत पूरी होगी वहीं करीब ढाई लाख हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध हो सकेगा। सही मायने में कहा जाए तो प्रकृति की अनमोल धरोहर पानी के आने से भविष्य में ना तो बाढ़ से जूझना पड़ेगा और ना ही सूखे के लिए ऊपर वाले को दोष देना पड़ेगा।

दरअसल, नदियों के बर्बाद होते पानी का सही उपयोग तय करने के लिए 1999 में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने राष्ट्रीय नदी जोड़ो परियोजना आरंभ की थी। यह योजना सिरे से चढ़ती उससे पहले ही 2004 में नई सरकार आते ही इस परियोजना को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया। इसके बाद 2012 में सर्वोच्च न्यायालय ने इस महत्वाकांक्षी परियोजना को जारी रखने के केन्द्र सरकार को निर्देश दिए। राष्ट्रीय जल विकास प्राधिकरण द्वारा 44605 करोड़ की लागत से केन-बेतवा लिंक परियोजना पर काम किया जा रहा है। गंगानदी पर करीब एक हजार बांध हैं तो गोदावरी पर 350 के आसपास बांध है। इन बांधों पर पानी को सहेजते हुए नदियों के पानी को अनुपयोगी व बर्बादी का कारण बनने से बचाने के स्थान पर क्षेत्रों में पानी की समस्या का समाधान किया जाता है। मोटे रूप से देखा जाए तो नदियों को जोड़ने से पानी की बर्बादी यानी बाढ़ के कारण तबाही व समुद्र में समाहित होने से बचा कर पानी की समस्या के समाधान के लिए तो किया ही जा सकता है। वहीं, सूखे की समस्या का हल, खेती के लिए पानी की उपलब्धता और लोगों के पेयजल की समस्या का समाधान संभव है। राजस्थान नहर इसका जीता जागता उदाहरण है जिससे मरू प्रदेश और सर्वाधिक उपजाऊ और उत्पादक हिस्सा बनने के साथ ही समग्र विकास का माध्यम बन गई है। जहां तक पार्वती, कालीसिंध, चंबल ईस्टर्न राजस्थान केनाल परियोजना का प्रश्न है, यह राजस्थान और मध्यप्रदेश सरकार व केन्द्र से सहमति नहीं बनने के कारण लंबे समय से आगे नहीं बढ़ पा रही थी।

नई सरकार के गठन के बाद मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा की पहल और केंद्र व मध्यप्रदेश सरकार के सहयोग से यह परियोजना धरातल पर उतरने की स्थिति में आ गई है। यदि निर्धारित सात साल में यह परियोजना धरातल पर आ जाती है, जिस पर आज की सरकार की प्रतिबद्धता को देखते हुए संदेह का कोई कारण नहीं दिखता, राजस्थान और मध्यप्रदेश दोनों की तस्वीर बदल जाएगी। राजस्थान के 21 जिले और मध्यप्रदेश के 13 जिले इस परियोजना से लाभान्वित होंगे। बैराज, कृत्रिम जलाशयों और बांध निर्माण से 159 बांधों को भरा जा सकेगा। बीसलपुर की क्षमता भी बढ़ेगी तो रामगढ़ बांध के भी भरने के सपना भी पूरा हो सकेगा। सबसे बड़ी बात कि चंबल और उसकी सहायक नदियों के जुड़ने से बाढ़ के कारण विनाश का कारण बनने वाले पानी का सदुपयोग हो सकेगा। पेयजल से लेकर खेती किसानी और उद्योगों को बढ़ावा मिलेगा और रोजगार के नए अवसर विकसित होंगे। यह सब सरकार की इच्छा शक्ति और उसे समय पर अमली जामा पहनाने से ही संभव हो सकेगा। माना जाना चाहिए कि आने वाले समय में पीकेसीईआरसीपी के कार्य को और तेज गति मिलेगी।

# समर्थ लोग निर्बल लोगों को स्नेह-सहयोग दें



ललित गर्ग

लोगों के बीच एकजुटता के महत्व को बताने, गरीबी पर अंकुश लगाने, दुनिया भर में गरीबी उन्मूलन के लिए नए रास्तों की तलाश करने, विकासशील देशों में मानव और सामाजिक विकास को बढ़ावा देने, शांति एवं सौहार्दपूर्ण जीवन को संभव बनाने, सरकारों को अंतरराष्ट्रीय समझौतों पर अपनी प्रतिबद्धताओं का सम्मान करने की याद दिलाने एवं पूरी दुनिया में, विशेष रूप से विकासशील देशों में सहयोग, शांति, सह-जीवन, समानता और सामाजिक न्याय की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिये अंतरराष्ट्रीय मानव एकता दिवस हर साल 20 दिसंबर को मनाया जाता है। संयुक्त राष्ट्र ने 22 दिसंबर 2005 को यह दिवस मनाने की घोषणा की थी। इस दिवस को विश्व एकजुटता कोष और संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम द्वारा बढ़ावा दिया जाता है, जो दुनियाभर में गरीबी उन्मूलन के लिए निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करने पर केंद्रित हैं। इस दिवस को मनाते हुए हर व्यक्ति शिक्षा में योगदान देकर, गरीबों या शारीरिक या मानसिक रूप से अक्षम लोगों की मदद करके अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। इस दिवस के माध्यम से सरकारों को सतत विकास लक्ष्य के गरीबी और अन्य सामाजिक बाधाओं का जवाब देने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। विविधता में एकता दर्शाने, सतत विकास के लिए लोगों, सरकारों को प्रेरित करने, लोगों को गरीबी, भुखमरी, बीमारियों से बाहर निकालने के लिए इस दिवस का विशेष महत्व है। इसमें भारत अपनी महत्वपूर्ण भूमिका हो सकती है, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में इस जिम्मेदारी को संभालने का अर्थ है भारत को सशक्त करने के साथ-साथ दुनिया को मानव एकता की दृष्टि से एक नया चिन्तन, नया आर्थिक धरातल, शांति एवं सह-जीवन की संभावनाओं को बल देना। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, "संयुक्त राष्ट्र के निर्माण ने विश्व के लोगों और राष्ट्रों को एक साथ शांति, मानवाधिकारों और सामाजिक और आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिए आकर्षित किया। संगठन की स्थापना अपने सदस्यों के बीच एकता और सद्भाव के मूल आधार पर की गई थी, जो सामूहिक सुरक्षा की अवधारणा में व्यक्त की गई थी, जो अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा बनाए रखने के लिए अपने सदस्यों की एकजुटता पर निर्भर करती है।" अंतरराष्ट्रीय मानव एकजुटता दिवस सतत विकास एवं समतामूलक विकास के एजेंडा पर आधारित है, जो अपने आप में गरीबी, भूख और बीमारी जैसे कई दुर्बल पहलुओं से लोगों को बाहर निकालने के लिए केंद्रित है। 'मिलेनियम डिक्लेरेशन' को ध्यान में रखते हुए, एकजुटता को 21वीं सदी में अंतरराष्ट्रीय संबंधों के मूलभूत मूल्यों में से एक माना जाता है, जिसके तहत कम से कम लाभ उठाने वाले और सबसे अधिक मुश्किलों का सामना करने वाले लोग उन लोगों की मदद के योग्य होते हैं जिन्हें सबसे अधिक लाभ मिलता है। मार्टिन लूथर किंग जूनियर ने कहा भी है कि एक व्यक्ति तब तक जीना शुरू नहीं करता जब



तक वह अपनी व्यक्तिगत चिंताओं के संकीर्ण दायरे से ऊपर उठकर समस्त मानवता की व्यापक चिंताओं तक नहीं पहुंच जाता।

आज समूची दुनिया में मानवीय एकता एवं चेतना के साथ खिलवाड़ करने वाली त्रासद एवं विडम्बनापूर्ण परिस्थितियां सर्वत्र परिव्याप्त हैं- जिनमें आतंकवाद सबसे प्रमुख है। जातिवाद, अस्पृश्यता, सांप्रदायिकता, महंगाई, गरीबी, भिखमंगी, विलासिता, अमीरी, अनुशासनहीनता, पदलिप्सा, महत्वाकांक्षा, उत्पीड़न और चरित्रहीनता आदि अनेक परिस्थितियों से मानवता पीड़ित एवं प्रभावित है। उक्त समस्याएं किसी युग में अलग-अलग समय में प्रभावशाली रहीं होंगी, इस युग में इनका आक्रमण समग्रता से हो रहा है। आक्रमण जब समग्रता से होता है तो उसका समाधान भी समग्रता से ही खोजना पड़ता है। हिंसक परिस्थितियां जिस समय प्रबल हों, अहिंसा का मूल्य स्वयं बढ़ जाता है। महात्मा गांधी ने कहा है कि आपको मानवता में विश्वास खोना नहीं चाहिए। मानवता एक महासागर है। यदि महासागर की कुछ बूंदें गंदी हैं, तो भी महासागर गंदा नहीं होता है।' ऐसे ही विश्वास को जागृत करने के लिये ही विश्व मानव एकता दिवस की आयोजना की गई है। गरीबी का कारण हिंसा, आतंक, अप्रामाणिकता, संग्रह, स्वार्थ, शोषण और क्रूरता आदि हैं, इनके दंश मानवता को मूर्च्छित कर रहे हैं एवं मानव एकता की सबसे बड़ी बाधाएं हैं। इस मूर्च्छा को तोड़ने के लिए अहिंसा, सह-जीवन, सौहार्द, शांति और सह-अस्तित्व का मूल्य बढ़ाना होगा तथा सहयोग एवं संवेदना की पृष्ठभूमि पर स्वस्थ समाज-संरचना की परिकल्पना को आकार देना होगा। दूसरों के अस्तित्व के प्रति संवेदनशीलता मानव एकता का आधार तत्व है। जब तक व्यक्ति अपने अस्तित्व की तरह दूसरे के अस्तित्व को अपनी सहमति नहीं देगा, तब तक वह उसके प्रति संवेदनशील नहीं बन पाएगा। जिस देश और संस्कृति में संवेदनशीलता का स्रोत सूख जाता है, वहाँ मानवीय रिश्तों में लिजलिजापन आने लगता है। अपने अंग-प्रत्यंग पर कहीं प्रहार होता है तो आत्मा आहत होती है। किंतु दूसरों के साथ ऐसी घटना घटित होने पर मन का एक कोना भी प्रभावित नहीं होता। यह संवेदनहीनता की निष्पत्ति है। इस संवेदनहीन मन की एक वजह सह-अस्तित्व का अभाव भी है। नेल्सन मंडेला ने कहा है कि हमारी मानवीय करुणा हमें एक दूसरे से जोड़ती है- दया या संरक्षण के भाव से नहीं, बल्कि ऐसे मानव के रूप में जिसने सीख लिया है कि कैसे अपने साझा दुख को भविष्य के लिए आशा में बदला जाए।

आज हम इतने संवेदनशून्य हो गये हैं कि औरों का दुःख-दर्द, अभाव, पीड़ा, औरों की आहें हमें कहीं भी पिघलाती नहीं। देश और दुनिया में निर्दोष लोगों की हत्याएं, युद्ध की विभीषिकाएं, हिंसक वारदातें, आतंकी हमले, अपहरण, जिन्दा जला देने की रक्तरंजित सूचनाएं, महिलाओं के साथ व्यभिचार-बलात्कार की वारदातें पढ़ते-देखते हैं पर मन इतना आदती बन गया कि यूं लगता है कि यह सब तो रोजमर्रा का काम है। न आंखों में आंसू छलकते हैं, न पीड़ित मानवता के साथ सहानुभूति जुड़ती है। न सहयोग की भावना जागती है और न नृशंस क्रूरता पर खून खौलता हैं। हमें सिर्फ स्वयं को बचाने की चिन्ता है। तभी औरों का शोषण करते हुए नहीं सकुचाते। हमें संवेदना को जगाना होगा। तभी जे.के. राउलिंग ने कहा भी है कि हमें दुनिया को बदलने के लिये जादू की आवश्यकता नहीं है। हम बस मानव की सेवा करके ऐसा आसानी से कर सकते हैं।' इसी मानव-सेवा की मूल भावना मानव एकता दिवस का हार्द है। है। यह दिन वैश्विक चुनौतियों का समाधान करने में दुनिया भर के लोगों की एकता, सहयोग और साझा जिम्मेदारी के महत्व पर जोर देता है। इस दिन को मनाकर मानव को एकजुटता में रखकर एक साथ काम करने और सभी के लिए एक बेहतर दुनिया बनाने का संदेश दिया जाता है।

सामाजिक मूल्य-परिवर्तन और मानदंडों की प्रस्थापना से लोकचेतना में परिष्कार हो सकता है। इस दृष्टि से विश्व मानव एकता दिवस की उपयोगिता बढ़-चढ़ कर सामने आ रही है। जब तक दुनिया अस्तित्व में है, अन्याय और अत्याचार होने की संभावनाओं से नकारा नहीं जा सकता। लेकिन जो लोग सक्षम और समर्थ हैं, उनकी जिम्मेदारी अधिक है कि वे लोग अपने से निर्बल लोगों को भी स्नेह दें। हर साल, आपदाओं एवं मानव-भूलों से लाखों लोगों विशेषतः दुनिया के सबसे गरीब, सबसे हाशिए पर आ गये लोग और कमजोर व्यक्तियों को अपार दुःख का सामना करना पड़ता है। मानवतावादी सहायताकर्मी इन आपदा प्रभावित समुदायों एवं लोगों को राष्ट्रीयता, सामाजिक समूह, धर्म, लिंग, जाति या किसी अन्य कारक के आधार पर भेदभाव के बिना जीवन बचाने में सहायता और दीर्घकालिक पुनर्वास प्रदान करने का प्रयास करते हैं। वे सभी संस्कृतियों, विचारधाराओं और पृष्ठभूमि को प्रतिबिंबित करते हैं और मानवतावाद के प्रति अपनी प्रतिबद्धता से वे एकजुट हो जाते हैं। इस तरह की मानवतावादी सहायता मानवता, निष्पक्षता, तटस्थता और स्वतंत्रता सहित कई संस्थापक सिद्धांतों पर आधारित है। आज अनुभव किया जा रहा है कि देश एवं दुनिया विकृतियों की शूली पर चढ़ा है। नैतिक मूल्यों के आधार पर ही मनुष्य उच्चता का अनुभव कर सकता है और मानवीय प्रकाश पा सकता है। मानव एकता का प्रकाश सार्वकालिक, सार्वदेशिक, और सार्वजनिक है। इस प्रकाश का जितनी व्यापकता से विस्तार होगा, मानव समाज का उतना ही भला होगा। इसके लिए तात्कालिक और बहुकालिक योजनाओं का निर्माण कर उनकी क्रियान्विति से प्रतिबद्ध रहना जरूरी है। यही विश्व मानव एकता दिवस मनाने को सार्थक बना सकता है।

# किसान आंदोलन : शुरू हो चुकी है एकजुट होने की कवायद



निर्मल रानी

पंजाब-हरियाणा की सीमाओं पर चलने वाला किसान आंदोलन धीरे धीरे और गंभीर रूप धारण करता जा रहा है। क्योंकि हरियाणा की सीमा खनौरी में गत 24 दिन से आमरण अनशन कर रहे संयुक्त किसान मोर्चा (N.P.) के नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल का स्वास्थ्य लगातार गिरता जा रहा है। किसान नेता के स्वास्थ की देखरेख में लगे डॉक्टर्स उनकी सेहत को लेकर बेहद चिंतित हैं। डल्लेवाल 80 साल की उम्र में इतने दिनों से आमरण अनशन पर बैठे हैं। उनकी देखभाल में लगे डॉक्टर्स के अनुसार पहले से ही कैंसर रोग से पीड़ित डल्लेवाल के लिवर व किडनी को इस अनशन के कारण काफी नुकसान पहुँच चुका है। उनकी किडनी व लीवर की स्थिति काफी नाजुक होती जा रही है। गौरतलब है कि इसी वर्ष 13 फरवरी को पंजाब के किसान अपनी उन मांगों को पूरी करने के वादों को याद दिलाने के लिये दिल्ली जाना चाह रहे थे जो कि मोदी सरकार द्वारा तीन विवादित कृषि कानून वापस लेते समय सरकार द्वारा मानी गयी थीं। परन्तु हरियाणा सरकार ने उन्हें पंजाब सीमा से आगे बढ़कर दिल्ली पहुँचने से रोक दिया। तभी से यह किसान पंजाब - हरियाणा की खनौरी व शम्भू सीमाओं पर डटे हुये हैं और बीच बीच में दिल्ली जाने का प्रयास भी करते रहे हैं। काबिल-ए-गौर है कि जब एक वर्ष से भी लंबे समय तक चले संयुक्त किसान मोर्चा के आंदोलन ने नवंबर 2021 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जैसे कभी 'न झुकने' की छवि बनाने वाले नेता को तीन विवादित कृषि कानून वापस लेने के लिये मजबूर कर दिया था उस समय देश के किसानों के अधिकांश संगठन एकजुट थे। और इसी किसान एकता ने केंद्र सरकार को घुटने टेकने के लिये मजबूर कर दिया था। परन्तु उस समय भी कृषि कानून वापस लेने की घोषणा करते समय प्रधानमंत्री मोदी यह कहने से चूके थे कि -'हमारी सरकार किसानों के कल्याण के लिए देश के कृषि जगत के हित में, गांव, गरीब के हित में पूर्ण समर्थन भाव से, नेक नियत से ये कानून लेकर आई थी। लेकिन इतनी पवित्र बात, पूर्ण रूप से किसानों के हित की बात हम



कुछ किसानों को समझा नहीं पाए। शायद हमारी तपस्या में कमी रही। भले ही किसानों का एक वर्ग इसका विरोध कर रहा था। हमने बातचीत का प्रयास किया। ये मामला सुप्रीम कोर्ट में भी गया। हमने कृषि कानूनों को वापस लेने का फैसला किया।" यह बात मोदी ने तब कही थी जब कि उस समय देश के अधिकांश छोटे बड़े किसान व उनके अधिकांश संगठन एकजुट थे। परन्तु याद कीजिये उस समय भी सरकार ने अपने समर्थन में कई ऐसे संगठनों के नाम बता दिए थे जिनका नाम पहले न तो कभी सुना गया न ही वे संगठन अस्तित्व में थे। यानी फ़र्ज़ी संगठनों को किसान संग्ठन बता कर किसानों में फूट डालने की कोशिश 2020-21 के किसान आंदोलन के समय भी की गयी थी। परन्तु अब 13 फरवरी 24 से किसानों द्वारा शुरू किया गया आंदोलन जिसे कि शुरू से ही संयुक्त किसान मोर्चा से पूर्व में जुड़े सभी किसान संगठनों का समर्थन हासिल नहीं है, वह सिर्फ इसी आपसी फूट के चलते लंबा खिंचता जा रहा है। यहाँ तक कि आमरण अनशन पर बैठे 80 वर्षीय किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल का जीवन भी संकट में पड़ गया है। उधर सरकार तमाशाई बनी बैठी है तथा किसानों की आपसी फूट को देखते हुये आंदोलन को तब तक खींचे रखना चाहती है जब तक किसान थक हार कर आंदोलन समाप्त न कर दें या इनमें और अधिक फूट न पड़ जाये। मगर जगजीत सिंह डल्लेवाल के अनशन का सरकार पर असर पड़े या न पड़े लेकिन किसान संगठनों व विपक्षी नेताओं पर इसका प्रभाव पड़ता ज़रूर दिखाई देने लगा है। जहां विभिन्न विपक्षी राजनैतिक दलों के नेता खनौरी स्थित डल्लेवाल के अनशन स्थल पर उनका स्वास्थ समाचार लेने बड़ी संख्या में पहुँचने लगे हैं वहीँ संयुक्त किसान मोर्चा के विभिन्न धड़ों में भी हलचल तेज़ हो चुकी है। एस के एम के कई महत्वपूर्ण घटकों से किसान एकता के स्वर उठने शुरू हो चुके हैं।

इनमें सबसे महत्वपूर्ण बयान किसान नेता राकेश टिकैत की ओर से आया है। पत्रकारों से बातचीत करते हुये टिकैत ने कहा है कि-' किसान यदि अलग-अलग चलेंगे तो लुटेंगे। हमें एकजुट रहना होगा। 10 महीने पहले जब आंदोलन शुरू हुआ हमने सबको कहा कि संयुक्त किसान मोर्चा और सब इकट्ठा हो जाएं। दिल्ली की कॉल अलग-अलग मत दें। जब तक इकट्ठा नहीं होंगे तब तक दिल्ली से दूर रहना चाहिए। हमें जगजीत सिंह डल्लेवाल की चिंता है। हम प्रदर्शनकारियों के साथ हैं।" राकेश टिकैत ने कहा है कि सरकार को जल्द ही बात करनी चाहिए। बात सरकार को करना है, नफा नुकसान सरकार को देखना है। दिल्ली की तैयारी करनी है तो सभी लोगों को इकट्ठा होना होगा। सभी मोर्चे को इकट्ठा होकर बातचीत करनी चाहिए। गौरतलब है कि धरने पर बैठे किसानों ने संयुक्त किसान मोर्चा को आंदोलन को सहयोग व समर्थन देने सम्बन्धी चिट्ठी भी लिखी है। पंजाब व हरियाणा के भी कई किसान संग्ठन, व्यापक किसान एकता की बात ज़ोर शोर से करने लगे हैं। देर से ही सही परन्तु किसान नेताओं को अब यह समझ आने लगा है कि केंद्र सरकार 2020-21 के संगठित किसानों के आंदोलन को कमज़ोर व बदनाम करने के लिये कौन से हथकंडे नहीं अपना रही थी? फ़र्ज़ी किसान संगठनों को खड़ा करने से लेकर किसान आंदोलन को बदनाम करने तक के लिए सरकार द्वारा कौन कौन से प्रोपेगण्डे नहीं किये गये? इन्हें आन्दोलनजीवी, खालिस्तानी, देशद्रोही न जाने क्या क्या कहा गया? आंदोलन के चरित्र पर सवाल खड़े किये गये। परन्तु इन सब आरोपों के बावजूद सरकार को इन्हीं तथाकथित "आन्दोलनजीवी, खालिस्तानी व देशद्रोही" किसानों की मांगों के आगे घुटने भी टेकने पड़े। और स्वयं प्रधानमंत्री को सामने आकर कृषि कानून वापस लेने की घोषणा करते समय किसानों को संबोधित करना पड़ा। इसका कारण केवल एक था और वह था संयुक्त किसान मोर्चा के संयुक्त तत्वावधान में चलने वाला ऐतिहासिक किसान आंदोलन। अब डल्लेवाल के अनशन व 18 दिसंबर को किसानों द्वारा पंजाब में आहूत रेल रोको आंदोलन के बाद ऐसा लगता है कि किसान संगठनों के एकजुट होने की कवायद फिर से शुरू हो चुकी है।

# खारिज करने लायक नहीं है सम्भल मंदिर से उपजे सवाल!



मनोज कुमार अग्रवाल

यह न तो बांग्लादेश का मामला है न बंटवारे के बाद का पाकिस्तान का इलाका है और न ही हिन्दुओं को पलायन के लिए मजबूर करने के बाद काश्मीर का कोई इलाका है यह उत्तर प्रदेश के संभल का एक मौहल्ले का मामला है जहां कट्टरपंथी तत्वों ने पूर्ववर्ती मुस्लिम तुष्टिकरण की नीति वाली राज्य सरकारों की ढिलाई के चलते एक मंदिर को ही कब्जा कर बंद कर दिया और उसकी कुछ मूर्तियां खंडित कुएं में पाई गई हैं। यहां 1978 की सांप्रदायिक हिंसा में 184 हिन्दुओं को कत्ल कर दिया गया था और इस मंदिर को कब्जा लिया गया था। जी हां इसी संभल में हाल ही में खोले गए 46 साल पुराने शिव मंदिर से लगातार चौंकाने वाले खुलासे हो रहे हैं। पहले जहां मंदिर में शिवलिंग और हनुमान जी की मूर्ति मिली थी, वहीं अब मंदिर के परिसर में मौजूद कुएं की खुदाई के दौरान मां पार्वती, गणेश जी और कार्तिकेय जी की प्राचीन मूर्तियां मिली हैं।

उत्तर प्रदेश के संभल में मुस्लिम बहुल इलाके में 46 साल पुराने मंदिर का पता चलने के बाद राज्य के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का बयान आया है। सीएम ने रविवार को कहा कि संभल में इतना प्राचीन मंदिर क्या रातोरात प्रशासन ने बना दिया? क्या वहां बजरंगबली की इतनी प्राचीन मूर्ति रातों-रात आ गई? मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि उन दरिंदों को आज तक सजा क्यों नहीं मिली, जिन्होंने 46 वर्ष पहले संभल में नरसंहार किया था? इस पर चर्चा क्यों नहीं होती हैमालूम हो कि शनिवार को मंदिर का पता चलने के बाद रविवार को पूजा-पाठ किया गया। हिंदू संगठन के लोग मंदिर में पूजा अर्चना के लिए पहुंचे। मंदिर में विधि विधान व मंत्रोचारण के साथ पूजा संपन्न होने के बाद आरती की गई। इलाके में बिजली चोरी की चेकिंग के दौरान मंदिर होने की जानकारी सामने आई थी। मस्जिदों और घरों में छापेमारी के दौरान बड़े पैमाने पर बिजली चोरी के खुलासे हुए। लेकिन इसी दौरान शनिवार सुबह पुलिस तब हैरान रह गई जब दीपा राय इलाके में चेकिंग के समय अचानक एक मंदिर मिल गया जो कि सन 1978 का बताया जा रहा है। 46 सालों से बंद पड़ा ये मंदिर सपा सांसद जियाउररहमान बर्क के घर से 200 मीटर की दूरी पर मिला है. मंदिर के अंदर हनुमान जी की प्रतिमा, शिवलिंग और नंदी स्थापित हैं. फिलहाल यहां डीएम और एसपी ने सुरक्षा के चाक-चौबंद व्यवस्था की है। संभल के क्षेत्राधिकारी अनुज चौधरी ने कहा कि ये मंदिर कई सालों से है। 1978 में जब दंगा हुआ था तब भी मंदिर यहीं था। यहां सभी को पता है कि दंगे के बाद यहां से हिंदू छोड़कर चले गए थे। मंदिर की



जानकारी सामने आने के बाद खुदाई में यहां एक कुआं भी मिला है। इस कुआं को ढका गया था। मकान बनाकर मंदिर पर कब्जे की बात सामने आई है एडिशनल एसपी श्रीश चंद्र ने बताया, चेकिंग के दौरान पता चला कि कुछ लोगों ने मकान बनाकर मंदिर पर कब्जा कर लिया है। मंदिर की साफ-सफाई करा दी गई है और जिन लोगों ने मंदिर पर कब्जा किया है उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। वहां पर मंदिर में भगवान शिव और हनुमान जी की मूर्तियां हैं। किसी समय में इस क्षेत्र में हिंदू परिवार रहते थे और कुछ कारणों से उन्होंने यह क्षेत्र छोड़ दिया था। 'मंदिर के पास स्थित प्राचीन कुआं' पिछले 46 साल की ज्यादती के सबूत उगल रहा है।

डीएम संभल राजेंद्र पैंसिया के अनुसार मुस्लिम आबादी के बीचो-बीच बंद पड़े मिले मंदिर के पास एक प्राचीन कुएं के होने के बारे में भी जानकारी मिली। कुएं की खुदाई की जा रही है। मंदिर के आसपास के इलाके में किया गया अतिक्रमण भी ध्वस्त किया जाएगा। आप को बता दें कि जिला प्रशासन द्वारा मंदिर के पुनर्निर्माण के दौरान कुएं की सफाई का काम शुरू किया गया था। इस दौरान मिट्टी हटाने पर ये तीनों मूर्तियां मिलीं। इनमें से एक मूर्ति संगमरमर की है और कार्तिकेय जी की मानी जा रही है। हालांकि, अन्य दो मूर्तियां थोड़ी खंडित अवस्था में मिली हैं।

मिली हुई मूर्तियों की प्राचीनता का पता लगाने के लिए पुरातत्व विभाग को सूचित कर दिया गया है। जल्द ही इन मूर्तियों की कार्बन डेटिंग कराई जाएगी ताकि इनकी सही उम्र का पता चल सके। डिप्टी एसपी अनुज चौधरी ने बताया कि मंदिर से मिली सभी मूर्तियों को सुरक्षित रख लिया गया है। कुएं की खुदाई का काम फिलहाल रोक दिया गया है और कुएं को ढक दिया गया है। उन्होंने कहा कि इस खोज से इतिहासकारों और पुरातत्वविदों के लिए एक नया अध्याय खुल गया है। बताया गया है कि यह मंदिर 1978 से बंद पड़ा था। स्थानीय लोगों के अनुसार, 1978 में हुए सांप्रदायिक दंगों के बाद से इस मंदिर को बंद कर दिया गया था। मंदिर के पुनर्निर्माण के बाद इसे 15 दिसंबर को फिर से खोला गया था। लोगों द्वारा आज सोमवार को तीसरे दिन भगवान शिव का जलाभिषेक कर आरती की गई। इसके बाद हनुमान जी की आरती भी की गई। वही मंदिर में भक्तों की भीड़ जुटना भी शुरू हो गई है।

संभल की एसडीएम वंदना मिश्रा ने बताया था कि हम विद्युत चोरी के खिलाफ अभियान चला रहे थे और जगह-जगह जाकर चेक कर रहे थे, तो इस स्थान पर भी पहुंचे। यहां पर एक मंदिर दिखाई दिया। इसके बाद मैंने जिलाधिकारी से इस मंदिर को खोलने की अनुमति ली और अब हम सभी लोग इस मंदिर का निरीक्षण करने के लिए यहां आए हैं। मंदिर के अंदर हनुमान जी की मूर्ति और शिवलिंग पाए गए, जिन्हें स्थानीय लोगों ने बताया कि यह मंदिर 1978 से बना हुआ है।

बहरहाल स्पष्ट है कि हिन्दू मुसलिम दंगों के दौरान तत्कालीन राज्य सरकारों की नीति मुस्लिम तुष्टिकरण और हिन्दुओं के साथ दोहरा बर्ताव करने की रही इसी का परिणाम है कि दंगों में इकतरफा ढंग से करीब 184 हिन्दू समाज के लोगों की जान गयी थी और सरकारी अधिकारियों की लापरवाही और लचीला रुख का ही नतीजा है कि मंदिर को बंद कर कुछ मूर्तियां विध्वंस कर जमीन व भवन पर बलात कब्जा कर लिया गया जिसकी कलई अब राज्य सरकार के बिजली चोरों के खिलाफ चलाए गए अभियान के दौरान खुल कर सामने आयी है। यह वही बाबरी मानसिकता है जो विध्वंस में यकीन रखते हैं दूसरे समुदाय के धार्मिक स्थलों को कब्जाने में यकीन रखते हैं एक मुहल्ले के सौ से अधिक घरों में बिजली लेकिन कनेक्शन सिर्फ एक चेकिंग करने वाले को अराजक तत्वों का सामना करना पड़ता है यही नहीं पांच मजहबी स्थल अवैध बिजली कनेक्शन बांटने का फीडर बतौर इस्तेमाल किए जा रहे थे क्या कोई धर्म चोरी सीनाजोरी सिखाता है? देखना है कि अब सरकार इस मामले में कितना गंभीर व सख्त कदम उठाने का प्रयास करती है।

**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं।)**

## मुख्यमंत्री का शाहपुरा दौरा


# हर वर्ग और हर जन की सेवा ही राज्य सरकार का संकल्प लोककल्याणकारी फैसलों से पूरे राज्य में उत्साह का माहौल : मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

## महाराणा प्रताप और डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जीवन से मिलती है प्रेरणा

चमकता राजस्थान







**जयपुर, 18 दिसम्बर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि हमारी सरकार ने पूर्ण लगन एवं समर्पण से कार्य करते हुए एक वर्ष उत्कृष्टता के साथ पूरा किया है। इस एक साल में राज्य सरकार ने कई उपलब्धियां हासिल की है और प्रदेश के हर वर्ग और हर जन की सेवा को ही संकल्प मानकर निरंतर काम कर रही है। मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने बुधवार को भीलवाड़ा जिले के शाहपुरा में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान यह बात कही। शर्मा ने शाहपुरा में त्रिमूर्ति सर्किल पर शहीदों को माल्यार्पण, केन्द्रीय बस स्टैण्ड पर शूरवीर योद्धा महाराणा प्रताप की मूर्ति तथा उम्मेद सागर पर डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की मूर्ति का अनावरण किया।

इस अवसर पर आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री ने कहा कि महाराणा प्रताप शौर्य, पराक्रम और स्वाभिमान के प्रतीक हैं। वे केवल राजस्थान ही नहीं बल्कि देश-दुनिया में भी लोगों की प्रेरणा के स्त्रोत हैं। साथ ही, डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी एक महान विचारक तथा प्रखर शिक्षाविद् होने के साथ-साथ एक कुशल संगठनकर्ता थे। आज इन विभूतियों की प्रतिमाओं के अनावरण से जनमानस इनके जीवन से परिचित होंगे जिससे उनमें देशभक्ति की भावना का संचार होगा। शर्मा ने कहा कि पहले ही वर्ष में राज्य सरकार ने राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट आयोजित कर प्रदेश के विकास और समृद्धि की नींव रख दी है। इस समिट में 35 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा के एमओयू हुए हैं, जो प्रदेश की अर्थव्यवस्था को मजबूती देने के साथ ही हमारे युवाओं के लिए बड़ी संख्या में रोजगार के अवसर सृजित करेंगे। राज्य सरकार का एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जयपुर में आयोजित समारोह में प्रधानमंत्री ने राजस्थान को एक लाख करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं की सौगात दी हैं।मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना, मा वाउचर योजना की शुरूआत तथा रामाश्रय वार्ड तथा आयुष्मान आरोग्य मंदिर की स्थापना कर राज्य के निवासियों को स्वस्थ एवं सुखी जीवन की नई राह प्रदान की है। पिछले एक साल के दौरान राज्य सरकार के लोककल्याणकारी फैसलों से पूरे राज्य में उत्साह का माहौल बना है। प्रदेश में अच्छे मानसून और पानी से लबालब भरे बांधों ने इस उत्साह को और ऊंचाई दी है। शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा की गई बजट घोषणाएं न केवल 5 वर्षों में प्रदेश के विकास को आगे ले जाने का रोडमैप हैं बल्कि इनमें माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को साकार करने का विजन भी है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने शाहपुरा जिले के लिए भी कई महत्वपूर्ण बजट घोषणाएं की हैं और उन्हें तेजी से साथ क्रियान्वित किया जा रहा है। लगभग 194 करोड़ रुपये की लागत से विभिन्न सड़कों का निर्माण, सुदृढीकरण तथा चौड़ाईकरण करवाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नगर पालिका जहाजपुर में फल एवं सब्जी मंडी, गुढ़ा (जहाजपुर) में 33/11 केवी जीएसएस, शाहपुरा में ट्रोमा सेन्टर, अमरगढ़ एवं सरदार नगर उप स्वास्थ्य केंद्रों का पीएचसी तथा जहाजपुर सीएचसी का उप जिला चिकित्सालय में क्रमोन्नयन, जिला अस्पताल शाहपुरा के भवन का निर्माण, बनेड़ा में खेल स्टेडियम, शाहपुरा में खेल अकादमी, कोटडी में नवीन महाविद्यालय, जहाजपुर में कन्या महाविद्यालय, पीपलूंद में औद्योगिक क्षेत्र, पण्डेर में औद्योगिक पार्क, शाहपुरा जिले में आमजन की सहभागिता से एक 'मातृ वन' की स्थापना, काले हिरणों के संरक्षण हेतु आशोप क्षेत्र को आखेट निषिद्ध व कंजर्वेशन रिजर्व क्षेत्र घोषित करने, जहाजपुर में जनजाति छात्रावास भवन और सरसिया में जनजाति बालिका छात्रावास तथा गाडोली में नवीन पशु उप स्वास्थ्य केन्द्र खोले जाने सहित विभिन्न विकास कार्य प्रस्तावित व प्रगतिरत हैं।इस दौरान विधि एवं न्याय मंत्री जोगाराम पटेल, महिला एवं बाल विकास राज्यमंत्री डॉ. मंजू बाघमार, विधायक लालाराम बैरवा, गोपीचन्द मीणा, पुष्पेन्द्र सिंह राणावत सहित विभिन्न जनप्रतिनिधिगण, अधिकारीगण एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स की सूचना पर उत्तरप्रदेश में पकडी गई 1 करोड़ की अवैध अंग्रेजी शराब

- मैनपुरी जिले के बीछवा थाना क्षेत्र में यूपी एसटीएफ ने 800 पेटी अंग्रेजी शराब की पेटियों से भरा ट्रक किया जब्त
- पंजाब से तस्करी कर शराब प्रतिबंधित राज्य बिहार ले जा रहा ट्रक चालक अवैध शराब सहित गिरफ्तार

**चमकता राजस्थान। जयपुर!(खलील कुरैशी) 19 दिसंबर।** एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स पुलिस मुख्यालय की टीम की सूचना पर यूपी एसटीएफ की टीम ने मैनपुरी जिले के बिछवा थाना इलाके में एक ट्रक को रुकवा कर करीब एक करोड़ रुपए कीमत की अवैध अंग्रेजी शराब की 800 पेटियां जब्त की है। उक्त अवैध अंग्रेजी शराब पंजाब से बिहार सप्लाई की जानी थी। मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है।अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स दिनेश एम एन ने बताया कि एजीटीएफ की टीम लगातार अवैध मादक पदार्थ, हथियार एवं शराब के तस्करों के विरुद्ध कार्रवाई कर रही है। गौरतलब है कि साल 2016 से बिहार राज्य में शराब की बिक्री व सेवन पूर्णतया प्रतिबंधित है। एजीटीएफ को सूचना मिल रही थी कि पंजाब से अवैध तरीके से शराब बिहार तस्करी की जा रही है।एडीजी एमएन ने बताया कि इस पर उपमहानिरीक्षक पुलिस योगेश यादव व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सिद्धांतशर्मा के सुपरविजन एवं उप निरीक्षक सुभाष सिंह तंवर के नेतृत्व में एएसआई शंकरदयाल, हैड कांस्टेबल नरेन्द्र सिंह, सुरेश कुमार, कमल सिंह, कांस्टेबल नरेश कुमार व चालक सुरेश कुमार की टीम को आसूचना संकलन के लिए रवाना किया गया था। आसूचना संकलन के दौरान टीम के सदस्य हैड कांस्टेबल कमल सिंह को मुखबिर से सूचना मिली कि एक 10 चक्का बंद बॉडी ट्रक पंजाब से शराब भरकर बिहार मे सप्लाई के लिए जा रहा है।इस सूचना पर टीम के सदस्यों ने पंजाब से बिहार जाने वाले रास्तों की निगरानी शुरू की, जिसमे पता चला कि उक्त ट्रक राजस्थान की सीमा से बाहर ही बिहार को चला जायेगा। इस पर टीम ने तुरंत मैनपुरी उत्तरप्रदेश जिले की एसटीएफ को सूचना दी। टीम की सूचना पर यूपी एसटीएफ ने बीछवा थाना क्षेत्र में ट्रक को रुकवा लिया। जिसमे 800 कार्टन अग्रेजी शराब के मिले।अवैध अंग्रेजी शराब एवं ट्रक को जब्त एसटीएफ ने ड्राईवर मोहन को गिरफ्तार कर लिया। जब्त अग्रेजी शराब की अन्तराष्ट्रीय बाजार कीमत एक करोड़ रुपये आंकी गई है।एएसपी सिद्धांत शर्मा के सुपरविजन एवं उपनिरीक्षक सुभाष सिंह तंवर के नेतृत्व में की गई इस कार्रवाई में हैड कांस्टेबल कमल सिंह की विशेष भूमिका व एएसआई शंकर दयाल की तकनीकी भूमिका रही। टीम के सदस्य हैड कांस्टेबल नरेन्द्र सिंह, सुरेश कुमार, कांस्टेबल नरेश कुमार कांस्टेबल चालक सुरेश कुमार का सराहनीय सहयोग रहा है।



# राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में जुटेंगे आंकड़ों का महारथी

- गुरुवार को होगा एनएसओ के दो दिवसीय क्षेत्रीय प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ

चमकता राजस्थान।

**जयपुर!(खलील कुरैशी) 18 दिसंबर।** एनएसओ द्वारा स्वास्थ्य पर घरेलू उपभोग सर्वेक्षण और दूरसंचार व्यापक मॉड्यूलर सर्वेक्षण(सीएमएस-टी) एवं असंगठित क्षेत्र के उद्यमों का वार्षिक सर्वेक्षण(एएसयूएसई) पर क्षेत्रीय प्रशिक्षण शिविरभारत सरकार के सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय, क्षेत्रीय कार्यालय, जयपुर द्वारा राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण के 80वें दौर एवं असंगठित क्षेत्र के उद्यमों का वार्षिक सर्वेक्षण के लिए अधिकारियों/कर्मचारियों को प्रशिक्षित करने के लिए 19-20 दिसंबर, 2024 को राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर, जयपुर के कॉन्फ्रेंस हॉल में क्षेत्रीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जाएगा। एएसयूएसई, एनएसओ की ओर से किया जाने वाला प्रमुख सर्वेक्षण है। यह सर्वेक्षण जनवरी 2025 से दिसंबर 2025 तक किया जाएगा । यह विनिर्माण, व्यापार और अन्य सेवा क्षेत्रों (निर्माण को छोड़कर) में असंगठित गैर-कृषि प्रतिष्ठानों की आर्थिक और परिचालन विशेषताओं को शामिल करने पर केंद्रित है। यह क्षेत्र भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण है, जो रोजगार, सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) और समग्र सामाजिक-आर्थिक परिदृश्य में महत्वपूर्ण योगदान देता है। क्षेत्रीय कार्यालय जयपुर व उपक्षेत्रीय कार्यालय श्रीगंगानगर, कोटा और अलवर के अधिकारियों को सर्वेक्षणों के लिए प्रशिक्षण दिया जाएगा।01 जनवरी, 2025 से 31 दिसंबर, 2025 तक राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण (एनएसएस) का 80वां दौर आयोजित किया जा रहा है । एनएसएस के इस 80वें दौर के अंतर्गत राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) द्वारा 01 जनवरी, 2025 से 31 दिसंबर, 2025 तक स्वास्थ्य पर घरेलू उपभोग सर्वेक्षण संचालित किया जाएगा तथा 01 जनवरी, 2025 से 31 मार्च, 2025 तक दूरसंचार पर व्यापक मॉड्यूलर सर्वेक्षण (सीएमएस-टी) आयोजित किया जाएगा । एनएसएस के 80वें दौर की पद्धति को इस तरह से डिजाइन किया गया है कि एक ही लिस्टिंग का उपयोग करके विभिन्न विषयों पर लघु अवधि के सर्वेक्षण किए जा सकें। स्वास्थ्य पर घरेलू उपभोग के सर्वेक्षण के तहत देश के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में देशव्यापी सर्वेक्षण किया जाएगा, जिसके माध्यम से रुग्णता की व्यापकता, स्वास्थ्य सेवाओं का उपयोग, अस्पताल में भर्ती और चिकित्सा देखभाल, संक्रामक रोग, प्रसव और मातृ स्वास्थ्य, बच्चों का टीकाकरण, बुजुर्ग आबादी का स्वास्थ्य, रुग्णता और अस्पताल में भर्ती होने के संकेतकों पर डेटा एकत्र किया जाएगा। दूरसंचार पर व्यापक मॉड्यूलर सर्वेक्षण (सीएमएस-टी) दूरसंचार और सूचना और संचार प्रौद्योगिकी (आईसीटी) की स्थिति पर आवश्यक डेटा एकत्र करने के लिए एक महत्वपूर्ण उपकरण के रूप में काम करेगा। इस सर्वेक्षण के मुख्य उद्देश्य डेटा की कमी की पहचान करना, दूरसंचार से संबंधित संकेतक एकत्र करना, आईसीटी साक्षरता और कौशल के स्तर का आकलन करना, दूरसंचार और आईसीटी क्षेत्रों में मौजूदा नीतिगत जरूरतों की पहचान करना है।इस अवसर पर डॉ हरदीप सिंह चोपड़ा (आई.एस.एस), उप महानिदेशक उत्तर अँचल कार्यालय, डॉ हंसराज यादव, (आई.एस.एस), उप महानिदेशक,क्षेत्रीय कार्यालय, जयपुर व उमेश कुमावत (आई.एस.एस), निदेशक उत्तर अँचल कार्यालय भाग लेंगे राजस्थान सरकार के आर्थिक एवं सांख्यिकी निदेशालय के अशोक कुमार वर्मा, संयुक्त निदेशक, एवं अन्य अधिकारीगण भी प्रतिभागी होंगे।

### नगर निगम ग्रेटर द्वारा आयोजित किया गया जयपुर समारोह-2024

- “एक पेड़ मां के नाम” अभियान के तहत विभिन्न राज्यों से आये महापौर ने किया पौधारोपण



**चमकता राजस्थान/जयपुर! (खलील कुरैशी) 18 दिसम्बर।** जयपुरसमारोह-2024 के अन्तर्गत 18 नवम्बर से हो रहे कार्यक्रमों की श्रृंखला के तहत बुधवार को सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट अपग्रेडेशन, एवं एसटीपी निर्माण का लोकार्पण नगरीय विकास स्वायत्त शासन राज्य मंत्री झाबर सिंह खर्रा एवं विधायक बगरू डॉ. कैलाश वर्मा के कर कमलों द्वारा किया गया साथ ही एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत मोलश्री, अशोक, कचनार के पेड़ लगाए गये। इस अवसर पर देशभर से आये 30 से अधिक महापौर एवं नगर निगम ग्रेटर महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर, आयुक्त रूकमणि रियाड़, सांस्कृतिक समिति अध्यक्ष दुर्गेश नन्दनी, समिति अध्यक्ष अक्षत खूटेटा एवं स्थानीय पार्षद मौजूद रहे।आमेर क्लार्क में शहरीकरण से होने वाले दुष्परिणाम और समाधान विषय पर सेमीनार आयोजित की गई। जिसमें उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा ने शिरकत की। देशभर से आये महापौर ने भी अपने विचार व्यक्त किये।

## पत्रकार समाज का वास्तविक आईना होता है: डी.एल.शर्मा

# पत्रकार 'दीप' की स्मृति में देवास के कर्मयोद्धा हुए सम्मानित

चमकता राजस्थान



**जयपुर/देवास (खलील कुरैशी)।** न्यू आदर्श श्रमजीवी पत्रकार संघ राष्ट्रीय इकाई द्वारा देवास के निडर, निर्भीक पत्रकार, लेखक, चिंतक, विचारक और कवि शाकिर अली ₹दीप₹ के जन्म जयंती महोत्सव पर पत्रकार और समाजसेवियों के लिए कर्मयोद्धा अलंकरण समारोह स्थानीय मल्हार स्मृति में किया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संझा लोकस्वामी के प्रधान संपादक और बेबाक लेखनी के धनी जीतू सोनी जी उपस्थित रहे और अध्यक्षता न्यू आदर्श श्रमजीवी पत्रकार संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष डी.एल.शर्मा ने की। विशेष अतिथि के रूप में अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी और पैरा एथलीट सुश्री पूजा गर्ग, प्रदेश अध्यक्ष कमल गर्ग, वरिष्ठ पत्रकार जितेंद्र पुरोहित, प्रेस क्लब देवास अध्यक्ष ललित शर्मा, सुरेश शर्मा क्रांति उपस्थित रहे।सर्वप्रथम मां सरस्वती जी के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ स्वर्गीय ₹दीप₹ को पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। इस अवसर पर दीपिका तंवर और जागृति श्रीवास्तव द्वारा सरस्वती वंदना और स्वागत गीत की प्रस्तुति भी दी। इस के पश्चात अतिथियों का स्वागत कार्यक्रम संयोजक खुमान सिंह बैस, संध्या व्यास (आचार्य), मिसेज कोलकाता वर्ल्ड प्रतिभा प्रसाद, श्रद्धा पंवार (रिंकी), सैयद खुशी अली, धर्मेंद्र सिंह कुशवाह और खलील एहमद शेख और मुस्कान के द्वारा किया गया।वरिष्ठ पत्रकार और पारिवारिक मित्र जितेंद्र पुरोहित जी द्वारा शाकिर अली ₹₹दीप₹ का जीवन परिचय और बचपन से पचपन तक के अभाव से प्रभाव तक के संस्मरण सुनाए गए। मुख्य अतिथि सँझा लोकस्वामी के प्रधान संपादक जीतू सोनी जी द्वारा पत्रकारों को चाटुकारिता से दूर रहने और निष्पक्ष रूप से प्रकाशन, प्रसारण करने की बात कही। देवास के मिनी महेंद्र कपूर के नाम से विख्यात गायक देवेंद्र पंडित जी द्वारा शाकिर अली ₹दीप₹ को ₹चाहूंगा मैं तुझे सांझ सवेरे₹ गीत के साथ स्वरांजली अर्पित की। कार्यक्रम में राष्ट्रीय अध्यक्ष डी एल शर्मा, प्रदेश अध्यक्ष कमल गर्ग, पूर्व जेल अधीक्षक लबाना जी और मोटिवेशनल स्पीकर और अंतराष्ट्रीय खिलाड़ी पूजा गर्ग ने भी संबोधित किया। इसके साथ ही अपने निराले और अनोखे अंदाज में संचालन करने वाले सलीम शेख सर ने शेर ओ शायरी के साथ अतिथियों का परिचय किया।कार्यक्रम में सर्वप्रथम कर्मयोद्धा के रूप में देवास के वरिष्ठ पत्रकार असलम खान दर्पण, अतुल शर्मा जी, मुन्ना वारसी, अतुल बागलीकर, खूबचंद मनवानी, एहतेशाम कुरैशी, राजेश मालवीय, अरविंद चौकसे, राजेश पाठक, चेतन राठौर, सिद्धार्थ मोदी, राहुल परमार, अर्पित शाहू, परवेज खान,रोहित उपाध्याय, धीरज सेन, संगीता राठौर, जितेंद्र मारू,अनिल ठाकुर, खोजी पत्रकार सलीम मंसूरी, जावेद खान, आनंद गुप्ता, अशोक वर्मा आदि सम्मानित किए गए। इसके अलावा सामाजिक क्षेत्र से गौसेवक जीतू रघुवंशी, रमेश कौशल जी, एनजीओ से मुस्कान रावलिया, मुकेश शर्मा, दीनदयाल रसोई से रितेश उपाध्याय, हारिश गजधर, चिकित्सा के क्षेत्र से डॉक्टर अमरीन शेख सी. के. कपूर, अशोक वर्मा जी को सम्मानित किया गया। शिक्षा के क्षेत्र में सुश्री श्रद्धा पंवार, खलील अहमद शेख और पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए धर्मेंद्र सिंह कुशवाह और सुश्री साधना प्रजापति को सम्मानित किया गया। शासन की योजनाओं को राजनीतिक स्तर से पूर्ण करवाने और राजनीति में अपना विशिष्ट स्थान बनाने वाली रेखा बैस और संध्या आचार्य का सम्मान किया गया।देवास लाइव के माध्यम से आम जन की आवाज़ को शासन प्रशासन के आंखों और कानों तक पहुंचाने वाले पत्रकार सौरभ सचान को इस वर्ष का कर्मयोद्धा पुरस्कार अतिथियों और पत्रकार दीप के पूरे परिवार द्वारा प्रदान किया गया।सैयद सादिक अली ₹दीप₹ ने यह जानकारी देते हुए बताया कि अगले वर्ष से अलग अलग कैटेगरी में प्रकाशन, प्रसारण, सोशल मीडिया के क्षेत्र में कार्यरत प्रकाशकों और नवागत पत्रकारों को भी इस पुरस्कार में शामिल किया जाएगा। कार्यक्रम में देर रात तक पत्रकार और समाजसेवियों की उपस्थिति ने कार्यक्रम को सफल बनाया। कार्यक्रम में अतिथियों को स्मृति चिन्ह और शाल श्रीफल भेंट कर सैयद सादिक अली ₹दीप₹ द्वारा आभार व्यक्त करते हुए कार्यकम को अगले वर्ष तक के लिए विराम दिया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### मंडल रेल प्रबंधक आगरा ने अमृत भारत स्टेशन कोसीकलां व होडल स्टेशन का निरीक्षण किया



**चमकता राजस्थान। जयपुर (खलील कुरैशी)** दिनांक 18.12.2024 को आगरा मंडल के मंडल रेल प्रबंधक तेज प्रकाश अग्रवाल महोदय द्वारा मथुरा-पलवल रेल खंड का निरीक्षण किया गया ` मंडल रेल प्रबंधक द्वारा अपने निरीक्षण की शुरुआत आगरा कैंट से विंडो ट्रेलिंग माध्यम से की गयी, इस दौरान उन्होंने मार्ग में आने वाले रेल पथ एवं उसके पास के सभी इंस्टा्लेशनो जैसे सिगनल, ओएचई, प्लेटफॉर्म पर सफाई इत्यादि का चलती हुई निरीक्षण यान की पिछली खिड़की से निरीक्षण किया । उन्होंने अन्य संरक्षा सम्बंधित कार्यों के साथ-साथ, राइडिंग गुणवत्ता विशेष तौर से प्वॉइंट एवं क्रॉसिंग पर ट्रैकज्योमेट्री इंडेक्स मे सुधार, ओएमएस (औसिलेशन मोनिटरिंग सिस्टम) विवरण, ओएचई की स्थिति, मार्ग के लेवल क्रॉसिंग गेटों की स्थिती, पटरी के आस पास स्क्रैप की स्थिति, सा×फ-सफाई, वायरिंग या लूज़ इंस्टालेशन, मार्ग में आने वाले माइनर व मेजर ब्रिज के साथ-साथ उक्त खंड में चल रहे कार्यों का पिछली खिड़की से जायजा लिया अमृत भारत स्टेशन में चयनित कोसीकलां व होडल रेलवे स्टेशन के निरीक्षण केदौरानयात्रीसुविधाऐ,सर्कुलेटिंग एरिया का बारीकी से निरीक्षण किया एवं स्टेशन पर चल रहे नवनिर्मित कार्यो की समीक्षा की` मथुराझ्रपलवल खंड में विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण में संरक्षा पर विशेष जोर दिया गया` होडल रेलवे स्टेशन पर स्टेशन सलाहकार समिति के सदस्यों द्वारा मंडल रेल प्रबंधक महोदय को कोरोना काल में बंद की हुई ट्रेन जिसमें कोसीकलां - गाजियाबाद, जनता एक्सप्रेस को वापस चलाने के लिए व समपार संख्या 552 पर अंडरपास बनाने के संबंध में ज्ञापन दिया गया 'इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक तेज प्रकाश अग्रवाल के साथ मुख्य परियोजना प्रबंधक/गति शक्ति एम पी सिंह, उप मुख्य विद्युत इंजी./गति शक्ति चन्द्रपाल, उप मुख्य इंजी./गति शक्ति होतम सिंह,वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अमित आनन्द, वरिष्ठ मंडल इंजीनियर प्रथम नितिन गर्ग ,मंडल परिचालन प्रबंधक कु. प्रशस्ति श्रीवास्तव एवं अन्य अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

### सुशासन सप्ताह के तहत 19 दिसम्बर से आरम्भ होंगे 'प्रशासन गांव की ओर अभियान'




**चमकता राजस्थान। जयपुर! (खलील कुरैशी)18 दिसंबर।** राज्य में 19 से 24 दिसम्बर 2024 तक आयोजित सुशासन सप्ताह के तहत जिले में 'प्रशासन गांव की ओर अभियान 2024' संचालित होगा। इस दौरान अभियान के तहत समस्त पंचायत समिति मुख्यालयों पर शिविर आयोजित किये जायेंगे। इसके लिये जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी द्वारा समस्त उपखण्ड अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही के लिये दिशा निर्देशित किया गया है।मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद प्रतिभा वर्मा ने बताया कि राज्य में 19 से 24 दिसम्बर 2024 तक प्रशासन गांव की ओर अभियान 2024 के अंतर्गत सभी पंचायत समिति मुख्यालयों पर शिविर आयोजित किये जायेंगे। इन शिविरों में जन शिकायतों के निस्तारण एवं विभिन्न विभागों द्वारा दी जा रही सेवाओं की तत्काल प्रदायगी सुनिश्चित की जानी है। साथ ही उक्त अवधि के दौरान संपर्क पोर्टल पर अधिकतम प्रकरणों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाना है। इसके लिये समस्त उपखण्ड अधिकारियों को अभियान का नोडल अधिकारी नियुक्त करते हुए आवश्यक कार्यवाही के लिये निर्देशित किया गया है।

## 20 साल के लंबे अंतराल के बाद हुआ है दीक्षांत समारोह

# बेगस स्थित केंद्रीय प्रशिक्षण संस्थान में गृह रक्षा के नवनियुक्त आरक्षियों का भव्य दीक्षांत समारोह हुआ संपन्न

- **आलराउण्डर एवं इन्डोर में रामस्वरूप गढ़वाल एवं रजनीश कुमार एवं आउटडोर में नंदराम एवं सता राम रहे प्रथम**

## वर्तमान चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए संगठन के सुदृढ़ीकरण के लिए अनेक महत्वपूर्ण कदम उठा रही है सरकार : गृह रक्षा मंत्री खराड़ी

चमकता राजस्थान







**जयपुर!(खलील कुरैशी) 18 दिसम्बर।** बेगस में फतेहपुरा स्थित गृह रक्षा के केन्द्रीय प्रशिक्षण संस्थान में नवनियुक्त आरक्षी, आरक्षी ड्रममैन,आरक्षी बिगुलर एवं आरक्षी वाहन चालकों का भव्य दीक्षांत समारोह बुधवार को आयोजित किया गया। समारोह जनजाति क्षेत्रीय विकास एवं गृह रक्षा विभाग मंत्री बाबूलाल खराड़ी के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि खराड़ी ने कहा कि सरकार वर्तमान चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए गृह रक्षा संगठन के सुदृढ़ीकरण के लिए अनेक महत्वपूर्ण कदम उठा रही है। विभाग के 07 कार्यालयों के निर्माण के लिए शीघ्र ही बजट आवंटन का प्रयास किया जा रहा है। विभाग में 04 उप समादेष्टा, 84 प्लाटून कमाण्डर एवं 149 आरक्षियों के रिक्त पदों पर भर्ती प्रक्रिया शीघ्र ही प्रारम्भ की जावेगी। दो अतिरिक्त सीमा गृह रक्षा बटालियन के गठन के भी प्रयास किये जा रहे है महानिदेशक एवं महासमादेष्टा राजेश निर्वाण ने इस दौरान कहा कि विभाग में लगभग 20 वर्षों से भी अधिक समय के उपरांत दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया है। जिसमें 88 पुरूष एवं 25 महिला आरक्षी, आरक्षी वाहन चालक सम्मिलित हुए है। इनका प्रशिक्षण पुलिस ट्रेनिंग स्कूल अलवर में 16 सप्ताह, केन्द्रीय प्रशिक्षण संस्थान में 96 दिवस तथा फील्ड ट्रैनिंग के लिए शहरी एवं सीमा गृह रक्षा दल में 1-1 माह के लिए संपन्न हुआ है। साथ ही बताया गया कि माह अप्रैल 2024 से नवंबर 2024 तक स्वयंसेवकों के नियोजन में 1836 की वृद्धि हुई हैकार्यक्रम में पारितोषिक वितरण के दौरान मुख्य अतिथि खराड़ी द्वारा 26 जनवरी 2023 के अवसर पर गृह रक्षा विभाग के उप समादेष्टा रामजीलाल जाट एवं मानद कंपनी कमाण्डर मोहन सिंह चौहान को महामहिम राष्ट्रपति द्वारा प्रदत्त सराहनीय सेवा पदक एवं स्क्रॉल प्रदान की। इसके अतिरिक्त मुख्य अतिथि ने प्रशिक्षण के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले आरक्षी वाहन चालकों में रामस्वरूप गढ़वाल को आलराउण्डर एवं इनडोर में प्रथम तथा नन्दा राम जाट को आउटडोर में प्रथम तथा आरक्षियों में रजनीश कुमार को आलराउण्डर एवं इन्डोर में प्रथम तथा सताराम को आउटडोर में प्रथम स्थान प्राप्त करने के लिए प्रशस्ति पत्र मय ट्रॉफी प्रदान की गयी।कार्यक्रम के शुरुआत में ड्रम की जोशीली ताल पर कदम से कदम मिलाते हुए नवनियुक्त आरक्षियों द्वारा राष्ट्रीय ध्वज तथा विभागीय ध्वज के साक्ष्य में शपथ ग्रहण की गयी। परेड का नेतृत्व परेड कमांडर आरक्षी सुश्री ममता चौधरी ने किया।दीक्षांत समारोह कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री खराड़ी को डीजी निर्वाण द्वारा स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। अंत में केन्द्रीय प्रशिक्षण संस्थान के निदेशक द्वारा कार्यक्रम में पधारे सभी अधिकारियों, अतिथियों एवं मीडिया कर्मियों को धन्यवाद प्रेषित कर कार्यक्रम का समापन किया गया।कार्यक्रम में महानिदेशक राज्य अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो हेमन्त प्रियदर्शी, विशिष्ट शासन सचिव गृह अनुप्रेरणा कुंतल एवं गृह रक्षा विभाग के अधिकारी, कर्मचारी,आरक्षियों के परिवारजन,स्वयंसेवक तथा अन्य विभागों के वरिष्ठ अधिकारी, मीडियाकर्मी तथा अतिथि शामिल हुए।

# साइबर अपराधियो के विरुद्ध कोटा शहर में साइबर थाने की प्रभावी कार्रवाई

## 56 लाख रुपये की हाइटेक साइबर ठगी में शामिल शातिर ठग गिरफ्तार, लम्बे समय से था वांछित

- **आरोपी के बैंक खाते के विरुद्ध साइबर पोर्टल पर कुल 45 साइबर ठगी की शिकायते देश के अलग-अलग राज्यो में दर्ज हैं**

चमकता राजस्थान



जयपुर!(खलील कुरैशी) 18 दिसम्बर। साइबर अपराधियों के विरुद्ध कोटा शहर पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत साइबर थाना पुलिस ने प्रभावी कार्रवाई करते हुए 56 लाख रुपए की हाईटेक साइबर ठगी के मामले में शातिर ठग सोहेल खान उर्फ सोहिल खान पुत्र अहमद खान (22) निवासी 6ऊ5 विस्तार योजना विज्ञान नगर कोटा को गिरफ्तार कर एक मोबाइल व ठगी की रकम 15 हजार जब्त किये है।एसपी डा० अमृता दुहन ने बताया कि 7 फरवरी को डीसीएम से रिटायर्ड रंगवाडी थाना महावीर नगर निवासी प्रदीप कुमार द्वारा साइबर पुलिस थाना पर रिपोर्ट दी थी कि जनवरी महिला मे उनके वाटसएप नम्बर पर पर अनजान नंबरों के व्हाट्सएप ग्रुप से ग्रुप में जोड़ा गया था। जिसमे ऑनलाईन शेयर ट्रेडिंग के बारे मे मैसेज आया। इसके बाद झांसे में लेकर एक एप्लीकेशन अछढअक्र-ढफ्ढ गुगल प्ले स्टोर से डाउनलोड करा अकाउंट बनवाया। जिसमे ट्रेडिंग के लिये बताया गया, उनकी बातों मे आकर उन्होंने ठगों द्वारा बनाये गये अकाउंट में अपने विभिन्न खातों से 19 जनवरी 2024 से 06 फरवरी तक करीब 56 लाख रूपये जमा करवा दिये। इसके बाद भी और रकम की मांग करने और उन्हें ऑन लाईन साइबर ठगी का अंदेशा हुआ। उन्होने उक्त एप से निवेश की राशि विड्रॉल करनी चाही तो नहीं हुई। इसके बाद उन्होंने अपनी रकम के लिए व्हाट्सएप पर मैसेज किया तो ठगों ने 11.30 लाख रूपये की मांग की जा रही है। रिपोर्ट पर आईपीसी व आईटी एक्ट में मुकदमा साइबर थाना कोटा शहर में दर्ज कर अज्ञात आरोपी की गिरफ्तारी के लिए एएसपी दिलीप सैनी के निर्देशन में एसएचओ साइबर थाना आरपीएस के नेतृत्व में इंस्पेक्टर सतीश चंद की विशेष टीम का गठन किया गया। गठित विशेष टीम द्वारा आरोपियों के द्वारा साइबर ठगी में प्रयोग किये गये बैंक खातो, मोबाइल नम्बरों का रिकार्ड प्राप्त कर मंगलवार को आरोपी सोहेल खान उर्फ सोहिल खान को गिरफ्तार किया गया हैं गिरफ्तार अभियुक्त से साईबर ठगी की वारदातों के बारे मे गहनता से अनुसंधान किया गया तो अभियुक्त सोहेल खान के बैंक खाते में फरियादी प्रदीप कुमार से साइबर ठगी कर राशि जमा करवाना प्रमाणित पाया गया है। आरोपी को कोर्ट में पेश कर 02 दिन का पुलिस रिमाण्ड प्राप्त किया जाकर साइबर ठगी की राशि व घटना में शामिल अन्य साइबर ठगों के सम्बन्ध में अनुसंधान जारी है। आरोपी सोहेल खान के बैंक खाते के विरुद्ध साइबर पोर्टल पर कुल 45 साइबर ठगी की शिकायते देश के अलग-अलग राज्यो में दर्ज हैं।

### मदरसा जामिया तय्यबा में कौन बनेगा बाल पार्षद कार्यक्रम का किया गया भव्य आयोजन





- **बाल मेला भी हुआ आयोजित**

**चमकता राजस्थान। जयपुर (खलील कुरैशी)** दिनांक 18 दिसंबर 2024 को स्थित मदरसा जामिया तय्यबा मेमोरियल स्कूल में डिजिटल बाल मेला और नगर निगम हेरिटेज वार्ड नंबर 23 में ₹कौन बनेगा बाल पार्षद'' कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें वार्ड 23 के पार्षद और डिजिटल बाल मेला की टीम मौजूद रही जिसमें हाजी नवाब अली ने सभी बच्चों को संबोधित करते हुए कहा के जो यह प्रोग्राम डिजिटल बाल मेला और नगर निगम हेरिटेज की तरफ से ₹कौन बनेगा बाल पार्षद'' कार्यक्रम का आयोजन किया गया बहुत ही सराहनीय है और बच्चों को साफ सफाई के बारे में भी बताया कि हमें गीला कचरा और सूखा कचरा कहां-कहां डालना है हमें कचरे के लिए डस्टबिन का इस्तेमाल करना है और मदरसा जामिया तय्यबा के डायरेक्टर कारी मोहम्मद इसहाक ने भी बच्चों को संबोधित करते हुए सफाई के बारे में कहा की सफाई हमारे मजहब में भी आधा ईमान बताया है तो हम सबको सफाई के ऊपर बहुत ध्यान देना है उसके बाद में डिजिटल बाल मेला से ममता शर्मा ने सभी को शपथ दिलाई जो साफ सफाई से रहना और गंदगी को दूर करना इन सब चीजों के बारे में बताया बच्चों के बाल मेले में आए हुए मेहमान पार्षद प्रतिनिधि हाजी नवाब अली बहादुर भाई प्रिया पारीक रियाज मोहम्मद और मदरसा जामिया तय्यबा की प्रिंसिपल परवीन बानो और सभी स्टाफ मौजूद रहा।

## पुरानी बकाया, शास्तियों और एमनेस्टी वसूली के लिए बनेगी रणनीति

# राजस्व लक्ष्यों की शत-प्रतिशत वसूली सुनिश्चित हो : प्रमुख सचिव रविकान्त

चमकता राजस्थान



जयपुर!, (खलील कुरैशी) 18 दिसंबर। खान, भूविज्ञान एवं पेट्रोलियम विभाग के प्रमुख शासन सचिव टी. रविकान्त ने माइनिंग विभाग के फील्ड अधिकारियों को राजस्व लक्ष्यों के अनुसार शत प्रतिशत वसूली सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होने निर्देश दिए कि आगामी तीन माह में अभियान चलाकर चालू बकाया के साथ ही पुरानी बकाया राशि, अवैध गतिविधियों के कारण जुर्माने की बकाया राशि और एमनेस्टी योजना के अनुसार बकाया राशि वसूली के ठोस प्रयास किये जाएं। उन्होंने बताया कि जयपुर जोन के जयपुर और अजमेर एसएमई कार्यक्षेत्र में नवंबर, 24 तक 1042 करोड़ 26 लाख रु. की राजस्व वसूली हो चुकी है प्रमुख सचिव टी. रविकान्त सचिवालय में जयपुर जोन की समीक्षा बैठक ले रहे थे। उन्होंने मुख्यालय उदयपुर को निर्देश दिए कि राज्य में बकाया वसूली के न्यायालयों से स्टे प्राप्त रेवेन्यू प्रकरणों की इकजाई सूची तैयार कर नियमित समीक्षा के साथ ही न्यायालयों में विभागीय पक्ष को प्रभावी तरीके से रखा जाएं। उन्होंने कहा कि लक्ष्यों के विरुद्ध राजस्व वसूली में किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने बताया कि राज्य स्तरीय पर्यावरण स्वीकृति के लिए सिया और सेक का गठन हो गया है। विभाग समन्वय बनाये हुए हैं। जिला स्तर से पर्यावरण स्वीकृति प्राप्त खान व क्वारी लाइसेंस धारकों में से शेष रहे खान धारकों से परिवेश पोर्टल पर फार्म दो अपलोड कराने में तेजी लाने के निर्देश दिए। रविकान्त ने नीलामी के लिए माइनिंग प्लॉटों व ब्लॉकों के डेलिनियेशन कार्य की समीक्षा की। उन्होंने जोर देकर कहा कि माइनिंग सेक्टर में अवैध गतिविधियों पर सख्ती से कार्यवाही की जाए और राजस्व छीजत को रोका जाएं। उन्होंने पुरानी बकाया वसूली के लिए रणनीति बनाने की आवश्यकता प्रतिपादित करते हुए एमनेस्टी योजना का व्यापक प्रचार प्रसार करने और बकायादारों को इस योजना का लाभ बताकर बकाया वसूली पर जोर दिया।संयुक्त सचिव माइंस आशु चौधरी ने अतिरिक्त निदेशक जयपुर जोन कार्यालयों की प्रगति से अवगत कराया अतिरिक्त निदेशक जयपुर जोन बीएस सोढ़ा ने बताया कि राजस्व लक्ष्य शत-प्रतिशत अर्जित करने के लिए नियमित समीक्षा की जा रही है। इसके लिए संबंधित बकायादारों को आवश्यकतानुसार नोटिस देने के साथ ही एलआर एक्ट के अुनसार कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।एसएमई जयपुर एनएस शक्तावत ने बताया कि एसएमई जयपुर कार्यक्षेत्र में जयपुर एमई और एएमई कोटपुतली ने लक्ष्यों के विरुद्ध शत-प्रतिशत उपलब्धि अर्जित की है। उन्होंने बताया कि जयपुर एसएमई कार्यक्षेत्र में लक्ष्यों की शत-प्रतिशत वसूली सुनिश्चित कर ली जाएगी एसएमई अजमेर जय गुरुबख्सानी ने बताया कि एएमई गोटन और एमई मकराना कार्यालय ने शत-प्रतिशत राजस्व वसूली की है। उन्होंने कहा कि अजमेर एसएमई कार्यक्षेत्र के लक्ष्यों के अनुसार राजस्व अर्जन कर लिया जाएगा।एसएमई विजिलेंस प्रताप मीणा ने जिला स्तर से पर्यावरण स्वीकृति प्राप्त लीज व क्वारी लाइसेंसधारियों द्वारा राज्य स्तर से पर्यावरण स्वीकृति प्राप्त करने की प्रगति से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि कार्य में तेजी आई है और विभाग द्वारा सेक और सिया कमेटी से समन्वय बनाया हुआ है।समीक्षा बैठक में ओएसडी श्रीकृष्ण शर्मा, एसजी सुनील कुमार वर्मा और एसजी संजय सक्सैना उपस्थित रहे। वितीय सलाहकार गिरिश कछारा, अतिरिक्त निदेशक पीआर आमेटा, टीए देवेन्द्र गौड़, जयपुर एमई श्याम कापड़ी, अलवर, सीकर, झुन्झुनू, दौसा, टोंक, कोटपुतली, नीम का थाना, अजमेर, ब्यावर, सावर, नागौर, मकराना, गोटन के एमई-एएमई अधिकारियों ने वर्चुअली हिस्सा लिया।

### एडीएम जयपुर जोन में 1042 करोड़ 26 लाख का राजस्व संग्रहण

### राज्यसभा सांसद ने राज्यमंत्री ओटाराम देवासी की माताजी को श्रद्धांजलि अर्पित की



**चमकता राजस्थान। जयपुर! (खलील कुरैशी) 18 दिसम्बर।** राज्यसभा सांसद मदन राठौड़ ने बुधवार को पाली के मुंडारा स्थित राज्यमंत्री ओटाराम देवासी के निवास पहुंचकर उनकी माताजी के निधन पर शोक प्रकट किया मदन राठौड इस अवसर पर शोक संतप्त अन्य परिजनों से भी मिले और उन्हें सांत्वना दी और दुःख व्यक्त किया। साथ ही उन्होंने राज्यमंत्री की माताजी स्वर्गीय दौलीबाई को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर पूर्व विधायक संजना आगरी भी उपस्थित रही।

# मेडिकल एजुकेशन और स्वास्थ्य सेवाओं में राजस्थान को बनायेंगे मॉडल स्टेट : चिकित्सा मंत्री

चमकता राजस्थान

**जयपुर,! (खलील कुरैशी) 18 दिसंबर।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने कहा कि राजस्थान को मेडिकल एजुकेशन व स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता एवं गुणवत्ता की दृष्टि से मॉडल स्टेट के रूप में विकसित किया जा रहा है। इस दिशा में चिकित्सा शिक्षा विभाग विभिन्न मेडिकल कॉलेज, मारवाड़ मेडिकल यूनिवर्सिटी सहित अन्य परियोजनाओं के कार्यों को टाइमलाइन में पूरा करे।चिकित्सा मंत्री बुधवार को स्वास्थ्य भवन में चिकित्सा शिक्षा विभाग से संबंधित विभिन्न विषयों पर समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की पहल पर प्रदेश के हर जिले में मेडिकल कॉलेज का संकल्प पूरा करने की दिशा में प्रतिबद्धता के साथ काम किया जा रहा है ताकि रोगियों को सुपर स्पेशलिटी चिकित्सा सेवाएं अपने निकटतम स्थान पर उपलब्ध हो सकें। साथ ही, चिकित्सा शिक्षा के लिए प्रदेश में युवाओं को बेहतर अवसर उपलब्ध हो सकें।



### ● रोगियों को कतारों से मुक्ति दिलाएं

खींवसर ने कहा कि सभी बड़े अस्पतालों में रोगियों को कतारों से मुक्ति दिलाने के लिए तकनीकी नवाचारों को जल्द लागू किया जाए। रोगी एवं परिजनों के लिए शुद्ध खाद्य सामग्री एवं जलपान के लिए समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाए। साथ ही, सुरक्षा के भी माकूल इंतजाम हो।

### ● परियोजनाओं एवं अस्पतालों का होगा निरीक्षण, दूर होगी बाधाएं

चिकित्सा मंत्री ने कहा कि चिकित्सा शिक्षा से जुड़ी विभिन्न परियोजनाओं, अस्पतालों एवं अन्य सुविधाओं का फील्ड में दौरे कर निरीक्षण किया जाएगा। साथ ही, वहां बैठक कर परियोजनाओं को पूरा करने में आ रही बाधाओं को भी दूर किया जाएगा। स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर करने के लिए निरीक्षण में सामने आने वाली समस्याओं के निस्तारण के लिए भी जरूरी कदम उठाए जाएंगे।

### ● ये चिकित्सा अधिकारीगण रहे मौजूद

बैठक में चिकित्सा शिक्षा सचिव अम्बरीष कुमार, चिकित्सा शिक्षा आयुक्त इकबाल खान, संयुक्त सचिव गौरव बजाड़ सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

### ● मारवाड़ मेडिकल यूनिवर्सिटी के काम में लाएं तेजी

खींवसर ने कहा कि राजकीय क्षेत्र में निर्माणाधीन प्रदेश की दूसरी मारवाड़ मेडिकल यूनिवर्सिटी के कार्य को गति दी जाए। इससे मेडिकल कॉलेज के संचालन एवं प्रबंधकीय व्यवस्थाओं को और सुदृढ़ किया जा सकेगा। उन्होंने नए मेडिकल कॉलेजों के भवन निर्माण की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि इनका निर्माण समय पर पूर्ण करने के साथ साथ क्वालिटी का भी विशेष ध्यान रखा जाए।

### ● रिक्त पदों पर भर्ती मिशन मोड में हो

चिकित्सा मंत्री ने मेडिकल कॉलेजों में चिकित्सक शिक्षकों के रिक्त पदों की जानकारी लेते हुए इन पदों को यथा शीघ्र भरने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि भर्तियों को समयबद्ध रूप से पूरा करना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री स्वयं भर्तियों की नियमित समीक्षा कर रहे हैं। उनके निर्देशानुसार रिक्त पदों को भरने का कार्य मिशन मोड में हो।

### ● आरयूएचएस में उपलब्ध सुविधओं का हो पूरा उपयोग

चिकित्सा मंत्री ने कहा कि सवाई मानसिंह अस्पताल में निर्माणाधीन आयुष्मान टावर एवं इंस्टीट्यूट ऑफ कार्डियोवस्कुलर साइंसेज (कार्डियक टॉवर) के निर्माण कार्यों को भी जल्द से जल्द पूरा करने का प्रयास किया जाए। इनका सुगमतापूर्वक संचालन करने के लिए प्रभावी कार्य योजना बनाई जाए। उन्होंने आरयूएचएस को रिम्स के रूप में विकसित करने के प्रयासों को और गति देने के निर्देश दिए और अब तक किए गए कार्यों पर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस अस्पताल का पूर्ण उपयोग होने से एसएमएस अस्पताल पर मरीज भार कम हो सकेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### राष्ट्रीय स्तर की रनर आयशा खान का कोटा में हुआ जोरदार स्वागत

● **मौलाना आजाद परिवार के प्रतिनिधि मंडल ने भी बढ़ाया हौसला.**



**चमकता राजस्थान। जयपुर/ बारां! (खलील कुरैशी) 18 दिसंबर।** कोटा की रहने वाली वाली रनर बेटी आयशा खान अपने घर लौटीं तो रेल्वे स्टेशन पर बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने उनका स्वागत किया और उन्हें दुआओं और मोहब्बत से नवाजा। ओडिशा के भूवनेश्वर मे 39 वां राष्ट्रीय एथलेटिक्स सिल्वर मेडल जीत कर आयी आयशा खानम के स्वागत के लिए मौलाना आजाद मानव सेवा संस्थान परिवार के अध्यक्ष शेख बहादुर अली और महिला कोर्डिनेटर फरीदा शेख ने आयशा खानम के आवास पर पहुंच शाल ओढाकर स्मृति चिन्ह भेंट कर प्रशस्ति पत्र देकर फूल माला पहनाकर स्वागत किया और हौसला बढ़ाते हुए कहा कि आयशा खान, बेटियों और बहनों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बनेंगी और जिस तरह आज आयशा खान ने कोटा संम्भाग का नाम रोशन किया है, इसी तरह बाकी लडकियां भी हिम्मत के साथ आगे बढ़ेंगी और हर क्षेत्र में तरक्की करने के साथ ही देश और राष्ट्र के निर्माण में अपनी भूमिका निभाएंगी।संस्थान के अध्यक्ष शेख बहादुर सचिव नवीन अग्रवाल ने कहा, 'हम जल्द ही देखेंगे की आयशा खान अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में देश का नाम रोशन करेंगी' मालूम हो कि कोटा के छावनी के मरहूम अब्दुल रहीम की एक दुर्घटना में मौत हो गई थी और अब उनकी बेटी आयशा ने अपने पिता के सपने को पूरा करने के लिए ओडिशा के भुवनेश्वर में 39 वां राष्ट्रीय एथलेटिक्स सिल्वर मेडल जीता है।

### शीतलहर से बचाव के लिए जिला कलक्टर ने जारी की एडवाइजरी

● **शीतदंश के लक्षणों जैसे उंगलियों,कानों की लोब, नाक की नोक पर सुन्नता, सफेदी या पीलेपन के प्रति रहे सजग - जिला कलक्टर**



**चमकता राजस्थान। कोटपूतली-बहरोड़,(धर्मेंद्र बंसल)। 18 दिसंबर।** शीतकालीन मौसम में जिले में सामान्य से न्यूनतम तापमान से शीतलहर व पाला पड़ने की संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए जिला कलक्टर कल्पना अग्रवाल ने एडवाइजरी जारी करते हुए आमजन से बचाव रखने की अपील की गईं। साथ ही आदेश जारी करते हुए विभागवार निर्देशों की पालना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

#### ● आमजन शीतलहर से पहले क्या करें :-

जिला कलक्टर ने आमजन से सर्दियों के कपड़े पर्याप्त मात्रा में पहनने तथा आपातकालीन आपूर्तियों के लिए सभी जरूरी सामान तैयार रखने की एडवाइजरी जारी की गईं।

#### ● शीतलहर के दौरान क्या करें :-

जितना संभव हो, घर के अंदर रहें। ठंडी हवा से बचने के लिए कम से कम यात्रा करें। अपने शरीर को सुखाकर रखें। यदि कपड़े गीले हो जाएँ, तो उन्हें तुरंत बदलें। इससे शरीर की उष्मा बनी रहेगी। मौसम की ताजा जानकारी के लिए रेडियो सुनें, टीवी देखें, समाचार पत्र पढ़ें। नियमित रूप से गर्म पेय पिएं। बुजुर्गों और बच्चों का विशेष ख्याल रखें। शीतदंश के लक्षणों जैसे उंगलियों, पैर की उंगलियों, कानों की लोब और नाक की नोक पर सुन्नता, सफेदी या पीलेपन के प्रति सजग रहें। शीतदंश से प्रभावित हिस्से की मालिश न करें। इससे अधिक नुकसान हो सकता है। शीतदंश से प्रभावित शरीर के हिस्सों को गुनगुने पानी में डालें। कंपकंपी को नजरअंदाज न करें - यह एक महत्वपूर्ण अग्रिम संकेत है कि शरीर गर्मी खो रहा है। कंपकंपी महसूस होने पर तुरंत घर लौटें।

# चेयरमैन सुश्री आरती डोगरा की अध्यक्षता में जयपुर डिस्कॉम के अभियंताओं के साथ समीक्षा बैठक हुई आयोजित

## निचले स्तर तक कार्मिकों से हाइब्रिड एन्युटी मॉडल पर करें संवाद : हीरालाल नागर ऊर्जा मंत्री

चमकता राजस्थान



**जयपुर!(खलील कुरैशी) 18 दिसम्बर।** ऊर्जा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) हीरालाल नागर ने कहा कि सर्किल अधीक्षण अभियंता जिलों में डिस्कॉम्स के प्रतिनिधि हैं। उन्होंने अभियंताओं को निर्देश दिए कि वे विकेन्द्रित सौर ऊर्जा तथा फीडर सेग्रीगेशन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रदेश में बिजली वितरण कंपनियों द्वारा नवाचार के रूप में अपनाए जा रहे हाइब्रिड एन्युटी मॉडल को लेकर निचले स्तर तक डिस्कॉम कर्मचारियों के साथ संवाद करें और उनमें अनावश्यक भ्रम की स्थिति दूर करने में सहयोग करें। नागर बुधवार को विद्युत भवन में डिस्कॉम्स चेयरमैन सुश्री आरती डोगरा की उपस्थिति में जयपुर डिस्कॉम के अभियंताओं के साथ चर्चा कर रहे थे। उन्होंने फिर स्पष्ट रूप से कहा कि राज्य सरकार की बिजली कंपनियों के निजीकरण की कोई योजना नहीं है। कार्मिकों के सहयोग से राज्य सरकार प्रदेश के ऊर्जा क्षेत्र के सुदृढ़ीकरण की दिशा में आगे बढ़ रही है।ऊर्जा मंत्री ने इस दौरान आगामी वर्ष के रबी सीजन से प्रदेश के सभी फीडरों में समस्त कृषि उपभोक्ताओं को दिन में दो ब्लॉक में 6 घंटे सप्लाई सुनिश्चित करने की कार्ययोजना तैयार करने, पीएम सूर्य घर योजना को जन-जन तक पहुंचाने, विद्युत छीजत रोकने आदि के संबंध में दिशा-निर्देश दिए।ऊर्जा मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने, वर्ष 2027 तक किसानों को खेती के लिए दिन में बिजली सुलभ कराने, प्रदेश की बिजली कंपनियों की आर्थिक स्थिति को बेहतर करने की मंशा के साथ काम कर रही है। इसके लिए केन्द्रीय उपक्रमों के साथ एमओयू करने, कुसुम एवं आरडीएसएस योजना को गति देने जैसे काम किए जा रहे हैं। उन्होंने इस दिशा में डिस्कॉम्स प्रबंधन द्वारा किए जा रहे प्रयासों को भी सराहा।डिस्कॉम्स चेयरमैन सुश्री आरती डोगरा ने ऊर्जा मंत्री को कुसुम योजना तथा बेहतर विद्युत आपूर्ति के लिए किए जा रहे प्रयासों से अवगत कराया। इस अवसर पर जयपुर डिस्कॉम के तकनीकी निदेशक, मुख्य लेखा नियंत्रक, जोनल मुख्य अभियंता, सर्किल के अधीक्षण अभियंता सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

## भागवत के दूसरे दिन कथा में उमड़े श्रद्धालु,

● **मुख्य यजमान का माला पहनाकर किताब स्वागत**




**चमकता राजस्थान/फलोदी।** बाप नगर में आरम्भ हुई भागवत कथा में जनसमुदाय संगीतमय भागवत का श्रवण कर रहे है। दूसरे दिन गजेलाल कुमावत सपत्नीक पूजा में मुख्य यजमान रहे।कथा में पूर्व उप प्रधान जगदीश पालीवाल का व्यास पीठ ने माला पहनाकर अभिनंदन किया। कथा में भव सागर पार के लिए केवल प्रभु का नाम सुमिरन करने का मंत्र दिया। वही मंगल वार रात्रि माडपुरा गांव में पूनमचंद विश्नोई के निवास पर योगी हितेश्वर नाथ के सानिध्य में संगीतमय सुंदर काण्ड पाठ का आयोजन भी किया गया ।पाठ के बाद महाप्रसाद का आयोजन हुआ।
इन दोनों कार्यक्रमों में ,पूर्व सरपंच भगवान दास कुमावत,अर्जुनलाल कुमावत,बाबूलाल पालीवाल, लीलाधर पालीवाल, आसाराम धामट,नारायण रसिड़ ,अनोपाराम,सांगिदान धामट, गजुलाल, पूरा देवी, हीरालाल कुमावत,रवि पालीवाल,सांग जी कुमावत, बुलाकिदास पालीवाल, सुमित्रा, गिरधारी हुड्डा, विजय कुमावत, अशोक चांडक, मांगीलाल पालीवाल, हरिराम प्रजापत, ओम राठी, रूपा, मोह्निनी, मुरलीधर तंवर, सुमित्रा रामावत, तोलाराम प्रजापति, टीकूराम प्रजापति, हरी माडपुरा, हीरा पालीवाल, मथरा पालीवाल, आदि उपस्थित रहे ।

# 'पुणे एलप्रो सिटी स्कायर मॉल में महिलाओं ने सीखे मेकअप के नए आयाम

● **सुप्रसिद्ध मेकअपआर्टिस्ट, व आर्किटेक्ट कु.योगिता ने पुणे में दिखाई हस्त कला**

चमकता राजस्थान



फुलेरा(दामोदर कुमावत)। फुलेरा जयपुर ग्रामीण की प्रसिद्ध मेकअप आर्टिस्ट और आर्किटेक्ट, आर. योगिता कुमावत ने पुणे के एलप्रो सिटी स्क्वायर मॉल में सफल मेकअप मास्टर क्लास काआयोजन किया, इस मास्टर क्लास को फॉर एवर 52 ब्रांड्स ने प्रस्तुत किया और द सिब्लिंग प्रोडक्शन, गुरु कुमावत के नेतृत्व में, प्रायोजित किया गया। ब्यूटी ब्लिस बाय योगिता के तत्वावधान में आयोजित इस मास्टर क्लास को नेवर वॉइड फोटोग्राफी ने अपने कैमरे में कैद किया। मानस त्रिवेदी ने इस मास्टर क्लास का संगठन किया, जिसमें कु.योगिता की मेकअप और आर्किटेक्चर की विशेषज्ञता का अनोखा संगम देखने को मिला। इस मास्टर क्लास में महिलाओं ने मेकअप के नए आयाम सीखे और अपने सौंदर्य को नए तरीके से प्रस्तुत करने के तरीके जाने। इस मास्टर क्लास की सफलता ने साबित किया कि सहयोग और नवाचार की शक्ति से कुछ भी असंभव नहीं है।
इस मास्टर क्लास में महिलाओं ने मेकअप के विभिन्न पहलुओं के बारे में जाना,जैसे कि मेकअप के लिए सही उत्पादों का चयन, मेकअप के लिए सही तकनीकीकों का उपयोग,और मेकअप के लिए सही सौंदर्य उत्पादों का चयन। इसके अलावा, महिलाओं ने अपने सौंदर्य को बढ़ाने के लिए विभिन्न तरीकों केबारे में भी जाना, जैसे कि स्किन केयर, हेयर केयर,और फिटनेस के बारे में। इस मास्टर क्लास में महिलाओं ने अपने सौंदर्य को बढ़ाने के लिए विभिन्न तरीकों के बारे में जाना और अपने सौंदर्य को नए तरीके से प्रस्तुत करने के तरीके सीखे। इस मास्टर क्लास के आयोजन से महिलाओं को अपने सौंदर्य को बढ़ाने के लिए प्रेरणा मिली और उन्होंने अपने सौंदर्य को नए तरीके से प्रस्तुत करने के तरीके सीखे।इस मेकअप मास्टर क्लास के सफल आयोजन में उपस्थित महिलाओं ने मेकअप आर्टिस्ट एवं आर्किटेक्ट कु. योगिता कुमावत का अभिनंदन करते हुए आभार व्यक्त किया।

## जिला जयपुर प्रथम में मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य शिविरों का आयोजन...



**चमकता राजस्थान। जयपुर (खलील कुरैशी)।** जयपुर प्रथम, 18 दिसम्बर । चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिले में गत 15 दिसम्बर से मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। शिविरों में बड़ी संख्या में आमजन को गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध करवाई जा रही है। शिविर आगामी 31 जनवरी 2025 तक निरंतर आयोजित किए जाएंगे। कार्यवाहक मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जयपुर प्रथम डॉ. इंद्रा गुप्ता ने बताया कि मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य शिविरों का उद्देश्य जिले के प्रत्येक नागरिक को गुणवत्तायुक्त चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना है। शिविर तीन चरणों में आयोजित किए जा रहे हैं। प्रथम चरण में सभी पीएचसी और सभी सीएचसी पर सप्ताह में तीन दिन शिविर लगेंगे। द्वितीय चरण में सभी पंचायत समिति मुख्यालय पर शिविरों का आयोजन होगा। तीसरे चरण में जिला अस्पताल में एक-एक रैफरल शिविर लगेगा। सप्ताह में प्रत्येक सोमवार और गुरूवार को एमसीएचएन दिवस होने और शनिवार-रविवार अवकाश होने के कारण शिविरों का आयोजन नहीं होगा। उन्होंने बताया कि शिविर में टीबी मरीजों की जांच, जरूरत होने पर एक्स-रे कराना, निक्षय पोषण योजना में वंचित व्यक्तियों का बैंक अकाउंट प्राप्त कर पोर्टल पर अपडेट करना, परिवार कल्याण के साधनों का वितरण, कुपोषित बच्चों की पहचान और उपचार, कुष्ठ रोगियों की जांच और उपचार, नियमित टीकाकरण सहित अन्य बीमारियों की जांच और उपचार किया जाएगा। प्रत्येक शिविर में दो चिकित्सकों के अलावा एक दंत रोग चिकित्सक / दंत तकनीशियन, नेत्र रोग विशेषज्ञ/नेत्र सहायक और आयुष चिकित्सक मौजूद रहेंगे। इनके साथ नर्सिंगकर्मी, लैब टैक्नीशियन, लैब सहायक, एलएचवी, एसटीएस, एसटीएलएस, फार्मासिस्ट, एएनएम, सीएचओ, बीपीएम भी मौजूद रहेंगे शिविर स्थल पर 108 एंबुलेंस भी मौजूद रहेगी। शिविरों में गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व जांच, संचारी, गैर संचारी रोगों व अन्य रोगों की जांच और उपचार किया जाएगा।

## मां वाउचर योजना के तहत गर्भवती महिलाओं को मिला सोनोग्राफी के लिए वाउचर..

# प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान में गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य की हुई जाँच, मिला उपचार

चमकता राजस्थान



**जयपुर (खलील कुरैशी) जयपुर प्रथम।** 18 दिसंबर । प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के अंतर्गत चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से बुधवार को गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य की जांच की गई। जिसमें उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं को चिन्हित कर उनका ईलाज करने के साथ पोषण युक्त आहार की जानकारी प्रदान की गई। गौरतलब है कि राज्य स्तर के निर्देशानुसार अब प्रत्येक माह की 09, 18 व 27 तारीख को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान का आयोजन किया जा रहा है। कार्यवाहक मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी,जयपुर प्रथम डॉ. इंद्रा गुप्ता ने बताया कि जिले के चिकित्सा संस्थानों पर मनाए गए प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत विशेषज्ञ चिकिसकों द्वारा मां वाउचर योजना के तहत गर्भवती महिलाओं को सोनोग्राफी कराने के लिए माँ वाउचर दिये गए साथ ही अन्य जाँच व उपचार किये गए । उनके रक्तचाप, शर्करा के स्तर, वजन, लंबाई, हीमोग्लोबिन, रक्त, एचआईवी जांच, हृदय स्पंदन आदि की जांच कर उनको गर्भ में पल रहे शिशु और स्वयं की देखभाल के विषय मे बताया गया और आई.एफ.ए. कैल्शियम तथा अन्य आवश्यक दवाएं उपलब्ध कराई गई। इस अवसर पर चिकित्साकर्मियों द्वारा उन्हें पौष्टिक आहार के महत्व को बताते हुए पोषणयुक्त आहार लेने हेतु जागरूक किया गया। उन्होंने बताया कि गर्भवती महिलाओं को गुणवत्ता युक्त प्रसव पूर्व जांच सुविधाएं देने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान का आयोजन किया जाता है, जिससे गर्भावस्था व प्रसव के दौरान जोखिम को कम करने में मदद मिल सके। अभियान का मुख्य उद्देश्य गर्भवती महिलाओं को एक स्वस्थ जीवन प्रदान करना है। गर्भवती महिलाओं को रोगों, उपचार एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है, जिससे बच्चे के स्वस्थ जीवन के साथ ही सुरक्षित प्रसव को सुनिश्चित किया जा सके और जच्चा-बच्चा के स्वास्थ्य में आने वाले जोखिम को पूर्व में पहचान कर स्वास्थ्य सुरक्षा प्रदान की जा सके।

## पूर्व सरपंच ने मुख्यमंत्री के नाम देवनारायण बोर्ड अध्यक्ष

● **ओमप्रकाश भडाणा को सोपा ज्ञापन**

**चमकता राजस्थान /रघुनंदन पारीक /श्रीनगर :-अजमेर नसीराबाद।** पंचायत समिति श्रीनगर के अधीन ग्राम पंचायत मावशिया में सहकारी समिति मावशिया पे आरोप लगाया 4 करोड़ 10 लाख के गमन का आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नाम देवनारायण बोर्ड अध्यक्ष ओमप्रकाश भडाणा को ज्ञापन सोपते हुए जांच की मांग की !

# धौलपुर में स्वरोजगार सृजन केंद्र का शुभारंभ: महिला और युवाओं के लिए नया अवसर

चमकता राजस्थान धौलपुर
रामदास तरुण




**चमकता राजस्थान। धौलपुर।** को प्योर इंडिया ट्रस्ट द्वारा राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज, धौलपुर में स्वरोजगार सृजन केंद्र का विधिवत शुभारंभ किया गया। यह केंद्र सिडबी स्वावलंबन फाउंडेशन द्वारा प्रायोजित

''बनो उद्यमी'' कार्यक्रम के अंतर्गत स्थापित किया गया है। इस पहल का उद्देश्य युवाओं और महिलाओं को स्वरोजगार के लिए प्रेरित करना और उनकी उद्यमशीलता क्षमता को सशक्त बनाना है।कार्यक्रम में उपस्थित प्रतिभागियों को टरटए (सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योग) द्वारा दी जाने वाली योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई, जो स्वरोजगार की दिशा में पहला कदम उठाने में सहायक होगी।

नए व्यवसाय शुरू करने की राह को सरल बनाने के लिए 'बनो उद्यमी - 51 बिजनेस आइडिया' पोस्टर प्रदर्शनी का विमोचन भी किया गया। यह पोस्टर प्रदर्शनी उन लोगों के लिए मार्गदर्शक साबित होगी, जो अपना स्टार्टअप शुरू करना चाहते हैं। ''बनो उद्यमी'' कार्यक्रम के तहत प्योर इंडिया ट्रस्ट पहले से ही देशभर में 4600 से अधिक महिला उद्यमियों को सफलतापूर्वक अपना व्यवसाय शुरू करने और उसे चलाने में मदद कर चुका है। धौलपुर में अब तक 100 महिला उद्यमी अपना व्यवसाय सफलतापूर्वक चला रही हैं, जिनमें से करीब 40 उद्यमी कार्यक्रम में उपस्थित रहीं। हाल ही में आयोजित राइज़िंग राजस्थान समिट में प्योर इंडिया ट्रस्ट द्वारा किए गए एमओयू के तहत राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज में इस नवीन स्वरोजगार सृजन केंद्र की स्थापना की गई है। इसके माध्यम से अगले चरण में 5000 से अधिक युवाओं और महिलाओं को सफल उद्यमी बनने के लिए जागरूक करने का लक्ष्य रखा गया है। प्योर इंडिया ट्रस्ट के संस्थापक प्रशांत पाल ने कहा, ‡यह केंद्र न केवल उद्यमिता को बढ़ावा देगा, बल्कि आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा। हमारा लक्ष्य है कि आने वाले वर्ष में राजस्थान के हर जिले में इस कार्यक्रम को शुरू किया जाएगा।‡राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज के प्रिंसिपल हलेन्द्र नाथ हरदेनीया ने बताया कि यह स्टार्टअप सृजन केंद्र ना केवल कॉलेज के बल्कि पूरे धौलपुर जिले के युवाओं के लिए स्वयं का व्यवसाय शुरू करने का वन-स्टॉप इनफार्मेशन सेंटर बनेगा।

''बनो उद्यमी'' कार्यक्रम के तहत चलाया जा रहा यह केंद्र धौलपुर और इसके आस-पास के क्षेत्रों में स्वरोजगार को प्रोत्साहित करने के लिए मील का पत्थर साबित होगा। कार्यक्रम में मंजरी फाउंडेशन से संजय शर्मा, अतुल शर्मा जिला उद्योग विभाग से, अंजना और संतोष पिरामल फाउंडेशन से, टीनू सोनगरवाल धौलपुर ट्रैफिक इंचार्ज, स्किल इंडिया से सुरेंद्र, नीति आयोग से अंकिता, नत्थी लाल सरपंच सहेडी से, प्योर इंडिया ट्रस्ट से निशांत दुबे, खुशबीहारी व्यास और रामबरण गोस्वामी ने कार्यक्रम की व्यवस्था संभाली।

प्रोग्राम में प्योर इंडिया ट्रस्ट के सहयोग से उद्यमी बनी 40 महिलाओं ने भाग लिया और अपनी सफलता की कहानी सुनाई महाविद्यालय के प्लेसमेंट सेल के जितेंद्र कुमार ने कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापित किया।

## संक्षिप्त समाचार

### हरियाणा ओपन किड्स एथलेटिक्स चैंपियनशिप में 'मिशन उदय'का जलवा

- एथलीट्स को रिलायंस फाउंडेशन और मेट, झज्जर के 'मिशन उदय' के तहत ट्रेनिंग मिली थी

**चमकता राजस्थान। सोनीपत।** हरियाणा ओपन किड्स एथलेटिक्स चैंपियनशिप में 'मिशन उदय' से जुड़े बाल एथलीटों ने 2 रजत और 2 कांस्य समेत 4 पदक जीते हैं। इन एथलीटों को रिलायंस फाउंडेशन और मॉडल इकोनॉमिक टाउनशिप लिमिटेड, झज्जर की संयुक्त पहल 'मिशन उदय' के तहत ट्रेनिंग मिली थी।




प्रोग्राम से जुड़े 6 एथलीटों ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लिया और 4 पदक जीते। एथलेटिक्स हरियाणा, एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया और हरियाणा ओलंपिक एसोसिएशन द्वारा सोनीपत में आयोजित इस प्रतियोगिता में 6 राज्यों के खिलाड़ी शामिल हुए।

झज्जर जिले के दादरीतो गांव स्थित रिलायंस फिजिकल ट्रेनिंग सेंटर में इन एथलीटों को 5 महीने की ट्रेनिंग दी गई थी। ज्यादातर पदक विजेता झज्जर जिले के बामनोला, पेलपा, दादरीतो और धानी गांवों के हैं।

बामनोला के वंश ने अंडर-12 कैटेगरी की 100 मीटर रेस में रजत पदक जीता, धानी की करुणा ने कांस्य पदक, पेलपा के गर्वित ने अंडर-10 की 100 मीटर रेस में रजत पदक और दादरीतो के आदित्य ने अंडर-12 की 80 मीटर रेस में कांस्य पदक जीता। मॉडल इकोनॉमिक टाउनशिप लिमिटेड के सीईओ एस. वी. गोयल ने कहा, ''हम अपनी कंपनी की सोशल रिस्पांसिबिलिटी के तहत अगली पीढ़ी को सशक्त बनाने में विश्वास करते हैं।''

### बारु में मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य शिविर आयोजित

- सीएमएचओ ने किया निरीक्षण
- शिविर में बलगम की जाँच नही होने पर जताई नाराजगी




**चमकता राजस्थान। फलोदी।** जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बारू में आयुष्मान आरोग्य कैम्प का लगाया गया जिसका सीएमएचओ फलोदी धीरज बिस्सा ने निरीक्षण किया।

जिला मुख्यालय से 80 किलो मीटर दूर ग्राम पंचायत बारु पंचायत समिति बाप में स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य शिविर का आयोजन किया गया जिसका ग्रामीणों को लाभ हुआ।

मुख्य चिकित्सा एव स्वास्थ्य अधिकारी फलोदी (उटलड) द्वारा जिला मुख्यालय फलोदी से 80 किलोमीटर दूर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बारू में आयोजित मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य शिविर का दौरा कर शिविर चिकित्सा व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया।

निरीक्षण के दौरान सी एम ओ ने आभा कार्ड, टीकाकरण, टेली कंसिस्टेंसी, आंखो की जांच एन सी डी, एव खून की जाँच के बारे में जानकारी ली। शिविर में बलगम की जाँच नही होने पर सीएमएचओ ने नाराजगी व्यक्त की। निरीक्षण के दौरान सीएमएचओ ने शिविर में आए मरीजों एव गांववासियो को ज्यादा से ज्यादा शिविर में चिकित्सा सुविधाओ का लाभ लेने का आग्रह किया गया। निरीक्षण के दौरान उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ गिरीश कुमार व्यास, खण्ड मुख्य चिकित्सा अधिकारी बाप डॉ परबत सिह भाटी भी मौजूद रहे।

## पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने वाली प्लास्टिक की मल्टी लेयर पैकिंग वस्तुओं पर रोक लगाने की मांग

### प्रधानमंत्री के नाम दिया ज्ञापन

चमकता राजस्थान

फलोदी। पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने वाली पैकिंग सामग्री पर पूर्ण रोक लगाने व प्रतिबंधित एकल उपयोग प्लास्टिक की वस्तुओं की सूची में विस्तार करने के लिए महावीर इंटरनेशनल संस्था ने फलोदी जिला कलेक्टर के माध्यम से प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन दिया। फलोदी केंद्र अध्यक्ष हेमचंद शर्मा ने बताया कि इसके लिए बने कानून तथा नियमों को कठोरता से लागू करने की मांग की गई है। पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रतिबंधित एकल प्रयोग प्लास्टिक की वस्तुओं में बाजार का सर्वे करवा कर बहुत सारी अन्य उपलब्ध मिलती जुलती वस्तुओं को भी इसमें शामिल करने की आवश्यकता है।

उन्होंने बताया कि एक टीम गठित करके सर्वे करवा कर एकल प्रयोग वस्तुओं की सूची में अन्य वस्तुओं का नाम जोड़ें जाने चाहिए।

ज्ञापन में बताया कि आजकल पैकिंग में ऐसे प्रदार्थों का प्रयोग किया जाता है, जो पर्यावरण के लिए अत्यंत घातक है। इसके लिए सभी निर्माता, मार्केटिंग एवं विक्रय करने वाली कंपनियों तथा दुकानदारों को इस हेतु आदेशित करें कि वह पैकिंग में इस प्रकार की पदार्थों को उपयोग लेवे जो पर्यावरण के अनुकूल हो, रीसायकल हो सकते हो या पर्यावरण को बिना नुकसान पहुंचाये धरती या पानी में घुल सकते हो।


उन्होंने बिस्किट, कुरकुरे, चिप्स, नमकीन, दूध, पानी, शीतल पेय,शैंपू , गुटका, सुपारी इत्यादि बहुत सारी सामग्रियां जिस पदार्थ में पैक होकर आती है वह भी पर्यावरण को नुकसान करने वाला ही है। सब्जी विक्रेता इस प्रकार की सिंगल यूज प्लास्टिक थैलियों का प्रयोग करते हैं, जो प्रतिबंधित है। उत्पादन पर प्रतिबंध होने के बावजूद वह बाजार में कैसे पहुंचती है यह भी शोध का विषय है?

विवाह शादी के कार्यक्रमों , सरकारी समारोहों एवं आम दिनों में भी देखा जाता है, पानी व जूस पीने के लिए सिंगल यूज प्लास्टिक की गिलास व बोटल , चाय पिलाने के लिए कागज के कप जिसके अंदर प्लास्टिक की पतली झिल्ली लगी होती है, उसका उपयोग होता है,ये सबके लिए खतरनाक है। इन वस्तुओं का उत्पादन, विपणन, वितरण पूर्णतया बंद होना पर्यावरण के हित में होगा। अंतर्राष्ट्रीय निदेशक रवींद्र कुमार जैन तथा संस्था सचिव मुकेश कोठारी ने बताया कि पशु- पक्षी, जीव - जंतु, धरती और प्राणी मात्र की रक्षा के लिए, पर्यावरण संरक्षण के लिए सिंगल यूज प्लास्टिक तथा उससे मिलते-जुलते पर्यावरण को नुकसान करने वाली सभी प्रकार की वस्तुओं के उत्पादन, विपणन, वितरण भंडारण व उपयोग पर रोक लगाने की मांग की गई। सभी निर्माता कंपनियों को वस्तुओं की पैकेजिंग के लिए ऐसे पदार्थों को काम में लेने के लिए प्रेरित किया जाए जिसको वे स्वयं वापस रीसायकल के लिए खरीद कर उसको रिसाइकल करके पैकेजिंग में काम ले सकें। इसके लिए कठोर कानून बनाकर उसकी पालना होने से ही यह सब संभव हो पाएगा।

## छपास की बीमारी से पीड़ित है कांग्रेस नेता : मदन राठौड़

- होटल फोबिया और भ्रष्टाचार की कमाई से उबरी नहीं: मदन राठौड़
- पांच साल तक चूहे बिल्ली की तरह लड़ते रहे अब जनता को सुशासन मिला तो विघ्नसंतोषी बने कांग्रेसी : मदन राठौड़

**चमकता राजस्थान। जयपुर।** भाजपा प्रदेशाध्यक्ष और राज्यसभा सदस्य मदन राठौड़ ने कांग्रेस पर जोरदार हमला करते हुए उसके नेताओं को छपास की बीमारी से पीड़ित बताते हुए कहा कि सत्ता से बेदखल हुई कांग्रेस अभी तक होटल फोबिया और भ्रष्टाचार की कमाई से उबरी नहीं है।



उन्होंने कहा कि बयानबाजी कर चर्चा में बने रहने के लिए अनर्गल प्रलाप करते है,जो स्पष्ट करता है कि कांग्रेस के नेता छपास की बीमारी से पीड़ित है। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि आज जो लोग विरोध के नाम पर एकजुट हुए है उनमें से उनके अनुसार ही कोई अकर्मण्य है,तो कोई संगठन पर घात करने वाला तो तबादलों से कमाई और रिश्तेदारों को अफसर बनाने वाला है।

जो खुद सत्ता के लिए पांच साल तक चूहे बिल्ली की तरह लड़ते रहे वो अब जब राजस्थान की जनता मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में सुशासन का सुख देख रही है तो विघ्नसंतोषी बन कांग्रेस के नेता विरोध की नौटंकी कर रहे है।

उन्होंने कहा कि ई आर सी पी को लटकाने का पाप करने वाले,युवाओं को खून के आंसू रोने को विवश करने वाले आज युवाओं को सकून देने, ई आर सी पी का उपहार देने वाली सरकार के खिलाफ़ अनर्गल प्रलाप कर रहे है।

## नोडल अधिकारियों के निरीक्षण से कार्यप्रणाली में दिखाई दे सुधार: डिस्कॉम्स चेयरमैन

चमकता राजस्थान



**जयपुर।** डिस्कॉम्स चेयरमैन सुश्री आरती डोगरा ने जयपुर डिस्कॉम के नोडल अधिकारियों को प्रति माह कम से कम दो सब डिवीजन कार्यालयों का गहन निरीक्षण करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि निरीक्षण की यह व्यवस्था इसलिए कायम की गई है ताकि जयपुर डिस्कॉम के सभी 20 सर्किलों में उपभोक्ताओं को बेहतर सेवाएं तथा निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके। सुश्री डोगरा बुधवार को विद्युत भवन में नोडल अधिकारियों तथा फील्ड के सभी सर्किल अधीक्षण अभियंताओं के साथ समीक्षा कर रही थीं। उन्होंने कहा कि नोडल अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि निरीक्षण के लिए उनका दौरा रिजल्ट ऑरियेन्टेड हो तथा इससे निचले स्तर तक उपभोक्ताओं को की जा रही सर्विस अदायगी तथा फील्ड के कार्मिकों की कार्यप्रणाली में सुधार आए। डिस्कॉम्स चेयरमैन ने कहा कि उन फीडरों तथा सब स्टेशनों का प्राथमिकता से निरीक्षण किया जाए जिनमें बिजली की छीजत सर्वाधिक है। उन्होंने कहा कि नोडल अधिकारी प्रतिमाह 100 यूनिट तक रीडिंग की रेंडम सैम्पल क्रॉस वेरीफिकेशन कराएं। निरस्त किए गए बिजली कनेक्शन आवेदनों का गहनता से सत्यापन करें। साथ ही, बिजली चोरी के कारण कटे अधिक बकाया राशि वाले विद्युत कनेक्शनों से वसूली को गति दी जाए।

सुश्री डोगरा ने कहा कि औद्योगिक फीडरों से उद्योगों को ट्रिपिंग रहित आपूर्ति की जाती है। नोडल अधिकारी फील्ड में ऐसे फीडरों का निरीक्षण करें और देखें कि उनमें किसी प्रकार की ट्रिपिंग न हो। उन्होंने नोडल अधिकारियों को रियलाइजेशन बढ़ाने, रिकवरी, मेटेरियल की उपलब्धता, बिलिंग, स्टोर आदि जांचने तथा पीएम सूर्य घर योजना को गति देने के लिए वेंडर्स तथा बैंकिंग प्रतिनिधियों की बैठक लेने के भी निर्देश दिए। नोडल अधिकारियों ने अक्टूबर माह में किए अपने निरीक्षण की प्रगति तथा फीडबैक से अवगत कराया।

इस अवसर पर जयपुर डिस्कॉम के तकनीकी निदेशक श्री एस एस नेहरा, मुख्य लेखा नियंत्रक श्री एके जोशी, श्री योगेन्द्र सिंह राठौड, जयपुर, भरतपुर एवं कोटा जोन के जोनल मुख्य अभियंता सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी एवं सभी सर्किल के अधीक्षण अभियंता मौजूद रहे।

## रामपुरा डाबड़ी में विकास कार्यों का लोकार्पण

- गांव–ढाणी तक स्वास्थ्य सेवाओं को किया जा रहा सुदृढ़, अस्पतालों में रिक्त पदों की समस्या होगी दूर : गजेन्द्र सिंह खींवसर चिकित्सा मंत्री



**चमकता राजस्थान। जयपुर! (खलील कुरैशी) 18 दिसम्बर।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने कहा कि राज्य सरकार गांव–ढाणी तक चिकित्सा सेवाओं को प्रतिबद्धता के साथ सुदृढ़ कर रही है। उन्होंने कहा कि चिकित्सा विभाग में मिशन मोड पर भर्तियां की जा रही है। जल्द ही चिकित्सा संस्थानों में रिक्त पदों की समस्या दूर होगी और आमजन को सुगमता के साथ गुणवत्तापूर्ण उपचार उपलब्ध होगा। चिकित्सा मंत्री बुधवार को जयपुर जिले के रामपुरा डाबड़ी ग्राम में विभिन्न विकास कार्यों के लोकार्पण एवं शिलान्यास समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश के सभी क्षेत्रों में बिना किसी भेदभाव के विकास कार्य करवा रही है। इसके तहत ही मात्र एक वर्ष के समय में आमेर विधानसभा क्षेत्र में भी विकास के अभूतपूर्व कार्य हुए हैं। खींवसर ने कहा कि चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग प्रदेशभर में चिकित्सा सेवाओं से जुड़े रिक्त पद भरने के लिए हरसंभव प्रयास कर रहा है। इससे गांव–ढाणी तक चिकित्सा संस्थानों में सेवाएं और बेहतर होंगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है। इस योजना का दायरा निरंतर बढ़ाते हुए इसमें सूचीबद्ध अस्पतालों के नेटवर्क एवं पैकेजेज का विस्तार किया जा रहा है ताकि अधिकाधिक बीमारियों का उपचार इस योजना के तहत मिल सके। पूर्व विधायक सतीश पूनिया ने कहा कि राज्य सरकार ने एक वर्ष में ही क्षेत्र के विकास से संबंधित कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं को पूरा किया है। इससे क्षेत्र के लोगों को काफी लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि सरकार क्षेत्र के विकास में किसी तरह की कमी नहीं रखेगी।इस अवसर पर चिकित्सा मंत्री ने रामपुरा डाबड़ी में उपखण्ड कार्यालय, तहसील कार्यालय, नवनिर्मित ग्राम पंचायत भवन, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, राजकीय महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम विद्यालय एवं राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय का लोकार्पण किया। समारोह में जिला प्रमुख रमा चौपड़ा, उप जिला प्रमुख मोहन डागर, प्रधान हरदेव यादव, रामपुरा डाबड़ी के सरपंच शैलेश बोहरा सहित अन्य गणमान्यजन उपस्थित थे।

जलजीवन मिशन करप्शन

# घूसखोर एसई कच्छावा निकला करोड़पति

## घर और लॉकर की तलाशी में पास मिली करोड़ों रुपए की चल अचल संपत्ति

चमकता राजस्थान





- **ए.सी.बी.अलग से दर्ज करेगी आय से अधिक सम्पत्ति अर्जित करने का प्रकरण**

जयपुर!(खलील कुरैशी) 18 दिसम्बर, बुधवार। ए.सी.बी. मुख्यालय के निर्देश पर डूंगरपुर इकाई द्वारा कल दिनांक 17-12-2024 को कार्यवाही करते हुये अनिल कछवाहा अधीक्षण अभियंता, जलदाय विभाग, जिला डूंगरपुर को परिवादी से 2 लाख रुपये रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया था। कार्यवाही के पश्चात ए.सी.बी. की कोटा शहर टीम द्वारा आरोपी अधीक्षण अभियंता के कोटा स्थित आवास की तलाशी ली गई तो तलाशी में आरोपी के निवास से आरोपी द्वारा परिवादी से पूर्व प्राप्त रिश्वत राशि 1 लाख रुपये सहित कुल 9 लाख 22 हजार रुपये नकद सहित 4 करोड़ 16 लाख से अधिक की चल-अचल सम्पत्ति के दस्तावेज मिले हैं।भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि ए.सी.बी. की डूंगरपुर इकाई द्वारा आरोपी अधीक्षण अभियंता को रंगे हाथों गिरफ्तार करने के पश्चात एसीबी जयपुर के उप महानिरीक्षक पुलिस अनिल कयाल के सुपरविजन में एसीबी की कोटा इकाई के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विजय स्वर्णकार के नेतृत्व में ए.सी.बी. टीम द्वारा आरोपी अनिल कछवाहा अधीक्षण अभियंता के कोटा स्थित आवास की तलाशी ली गई।तलाशी में आरोपी के निवास से 9 लाख 22 हजार रुपये नकद राशि, एक करोड़ 87 लाख रुपये से अधिक की एफ.डी.आर. एवं बचत पत्र, एक करोड़ 16 लाख रुपये कीमत के दो भूखण्डों के दस्तावेज, 88 लाख 32 हजार रुपये की राशि बैंक खातों में जमा सहित कुल 4 करोड़ 16 लाख से अधिक की चल-अचल सम्पत्ति के दस्तावेज मिले हैंएसीबी की अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस स्मिता श्रीवास्तव के निर्देशन में मौके कार्यवाही जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत पृथक से आय से अधिक सम्पत्ति अर्जित करने का प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा।

## 2.5 लाख जानवरों की सामूहिक बलि, बचाने में जुटा भारत

नई दिल्ली। नेपाल में हर पांच साल में गढ़ीमाई का मेला होता है जहां लाखों जानवरों की सामूहिक बलि दे दी जाती है। सशस्त्र सीमा बल और स्थानीय प्रशासन ने इस बार जानवरों को बचाने के लिए दिन रात एक कर दिया। बता दें कि नेपाल के बारा जिले के बरियारपुर गांव में हर पांच साल में यह मेला लगता है जिसमें लाखों जानवरों की सामूहिक बलि दे दी जाती है। 2014 में सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिया था कि बलि के लिए नेपाल ले जाए जाने वाले जानवरों को बचाया जाए। जानकारों के मुताबिक इस मेले में महीनेभर में करीब 2.5 लाख से पांच लाख जानवरों की बलि दे दी जाती है। बताया जाता है कि 265 सालों से गढ़ीमाई का यह उत्सव होता है। जानकारी के मुताबिक भारतीय सुरक्षाबलों और प्रशासन की सतर्कता की वजह से कम से कम 750 जानवरों को बचाया गया है जिनमें भैंसें, बकरियां, भेड़ और अन्य जानवर शामिल हैं। जानकारी के मुताबिक इस बार दो ही दिन में 8 और 9 दिसंबर को गढ़ीमाई के मंदिर में 4200 भैंसों की बलि दे दी गई। नेपाल के भी सुप्रीम कोर्ट ने 2019 में जानवरों की बलि रोकने का आदेश दिया था। बताया गया कि बलि के लिए ज्यादातर जानवर खरीदे जाते हैं। जानकारों का कहना है कि लोग मन्नत पूरी होने के लिए गढ़ीमाई के मंदिर में बलि देते हैं। विश्व में सबसे ज्यादा बलि इसी मंदिर में होती है।

## दिल्ली–एनसीआर में कोहरा और ठंड ने बढ़ाई मुश्किलें

### – 18 और 19 दिसंबर को भी तापमान में गिरावट की संभावना

नई दिल्ली। एनसीआर में लगातार ठंड बढ़ रही है। मौसम विभाग के अनुसार मंगलवार 17 दिसंबर से कोल्ड वेव की वजह से न्यूनतम और अधिकतम तापमान में गिरावट की संभावना है। सोमवार को सुबह ही एनसीआर में हल्का कोहरा देखा गया, जिसके बाद से ठंड और कोहरे की स्थिति गंभीर होने की संभावना है। मंगलवार से अधिकतम तापमान 22 डिग्री और न्यूनतम तापमान 4 डिग्री तक जा सकता है। 17 दिसंबर को कोहरे की शुरुआत होने की संभावना है, जिसके साथ–साथ अधिकतम तापमान 23 और न्यूनतम तापमान 5 डिग्री रहने की संभावना है। 18 और 19 दिसंबर को भी तापमान में गिरावट की संभावना है। मौसम विभाग ने कहा कि 20 दिसंबर के बाद अचानक मौसम फिर बदल सकता है और घना कोहरा संभावित है। वाहन चालकों को सड़कों पर सावधान रहने की सलाह दी जा रही है। इस बदलते मौसम के कारण स्वास्थ्य पर होने वाले प्रभावों को ध्यान में रखकर सभी लोग सावधान रहें। मौसम के अनुसार बदलाव का सामना करने के लिए तैयार रहें और अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

## बच्चे नहीं हो रहे, तांत्रिक के कहने पर युवक ने जिंदा चूजा निगल लिया... हो गई मौत

सरगुजा। छत्तीसगढ़ के सरगुजा से अजीबोगरीब और दर्दनाक घटना सामने आई है। यहां एक युवक ने तंत्र मंत्र के चक्कर में जिंदा चूजा निगल लिया। इसके बाद युवक की अचानक से तबीयत खराब हो गई। आनन–फानन में युवक को अस्पताल पहुंचाया गया। लेकिन वहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पहले डॉक्टरों को लगा कि शायद हार्टअटैक से युवक की मौत हुई है। लेकिन पोस्टमार्टम करने पर युवक के गले में मरा हुआ चूजा फंसा मिला। मामला अंबिकापुर का है। मृतक की पहचान छिंदकालो गांव निवासी 36 वर्षीय आनंद कुमार यादव के रूप में हुई। बताया जा रहा है कि शादी के पांच साल बीतने बाद भी बच्चे नहीं हो रहे थे। इससे वह परेशान रहने लगा था। तब युवक को किसी ने एक तांत्रिक से इलाज करवाने की सलाह दी। इसके तांत्रिक ने ही युवक को जिंदा चूजा निगलने के लिए कहा था। जिससे उसकी मौत हो गई।

## उत्कर्ष कोचिंग सेंटर के परिसर को किया गया सील, जहरीली गैस फैलने से 12 छात्राएँ हुई थीं बेहोश

जयपुर। जयपुर नगर निगम ने कोचिंग संस्थान में हुई घटना पर कार्रवाई कर उस परिसर को सील कर दिया है, जहां से उत्कर्ष कोचिंग सेंटर संचालित हो रहा था। शहर के उत्कर्ष कोचिंग में जहरीली गैस फैलने से 12 छात्राएँ बेहोश हुई थीं। जिसके बाद छात्राओं को अस्पताल में भर्ती किया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है। वहीं दो की हालत गंभीर हो गई, जिन्हें आईसीयू में भर्ती कराया गया। बता दें कि उत्कर्ष कोचिंग शहर के गोपालपुरा इलाके में चलता था। घटना के बाद पुलिस ने बताया कि कोचिंग में गैस का स्रोत नहीं है। वहीं जांच के दौरान ये पता चला है कि कोचिंग के पीछे वाले नाले से जहरीली गैस फैली थी, जिससे कोचिंग की 12 छात्राएं बेहोश हो गईं। जहरीली गैस से बेहोश होने वाले 12 छात्रों में से सात को सोमानी अस्पताल में भर्ती किया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है, वहीं डॉक्टर ने बताया कि इनमें से दो छात्राओं की स्थिति गंभीर होने की वजह से उन्हें आईसीयू में भर्ती किया गया है। जबकि पांच छात्राओं का इलाज मानसरोवर स्थित मेट्रो मास अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने कहा कि इस कोचिंग की सभी खिड़कियां बंद थीं। और क्लास के दौरान दरवाजा भी बंद था। कोचिंग में जहरीली गैस का कोई उपकरण नहीं है और कोई गैस पाइपलाइन भी नहीं है। इस घटना पर कांग्रेस नेता सचिन पायलट ने लिखा है कि ये बेहद चिंताजनक घटना है और इसकी जांच होनी चाहिए।

## ट्रैक्टर चोरी के शक में शख्स की पीट–पीटकर हत्या

मुजफ्फरपुर। बिहार के मुजफ्फरपुर जिले में ट्रैक्टर चोरी के शक में एक शख्स की कथित तौर पर पीट–पीटकर हत्या कर दी गई। मामले में ट्रैक्टर मालिक सहित दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने युवक को बचाकर अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने युवक को मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान शंभू साहनी के रूप में हुई है। पुलिस ने कहा, यह घटना योगियां गांव में हुई, जब ट्रैक्टर चोरी के शक में एक व्यक्ति की कथित तौर पर पीट–पीटकर हत्या कर दी गई।

# विनायक सेवा समिति का भव्य आयोजन, 29 जनवरी से शुरू होगी 500 स्टील कलशों की दिव्य यात्रा

चमकता राजस्थान

धौलपुर रामदास तरुण। बाड़ीः विनायक सेवा समिति द्वारा पहली बार श्री राजराजेश्वरी केला माता की असीम अनुकंपा से बाड़ी केला माता मंदिर पर भव्य छप्पन भोग, फूल बंगला और देवी जागरण का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन 29 जनवरी से 6 फरवरी तक चलेगा। कार्यक्रम की शुरुआत 29 जनवरी को प्रातः 8:00 बजे श्री राजराजेश्वरी केला माता मंदिर से होगी, जहां से 500 स्टील कलशों की भव्य यात्रा का आगाज होगा। यह यात्रा बाड़ी माता मंदिर से शुरू होकर अंबेडकर पार्क, भारद्वाज मार्केट, बसेड़ी बस स्टैंड, सीताराम बाजार, लोहार बाजार, सराफा बाजार और पुराना बाजार होते हुए पुनः मंदिर पहुंचेगी। इस कलश यात्रा में विनायक सेवा समिति के 180 सदस्य ड्रेस कोड (कुर्ता-पजामा) में शामिल होंगे। और विशेष बैंड के साथ माता रानी के भजनों पर यात्रा का नेतृत्व किया जाएगा। महिलाओं के लिए भी ड्रेस कोड अनिवार्य किया गया है।



**● विशेष कार्यक्रमः**

30 जनवरी से 5 फरवरीः श्री केला माता मंदिर में विद्वान आचार्यों द्वारा सतचंडी पाठ शुरू होगा। 4. फरवरीः माता मंदिर को दिव्य फूल बंगला से सजाया जाएगा और इस दिन बाहर से आए प्रसिद्ध कलाकार देवी जागरण का आयोजन करेंगे।5.फरवरीः हवन (पूर्ण आहुति) के साथ माता रानी की विशेष पोशाक चढ़ाई जाएगी।

6.फरवरीः माता रानी का विशाल भंडा-रा आयोजित किया जाएगा, जिसमें सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया जाएगा। विनायक सेवा समिति के सदस्य इस पूरे आयोजन को सफल बनाने के लिए दिन-रात मेहनत कर रहे हैं। यह कार्यक्रम न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि सामाजिक एकता और भाईचारे का भी संदेश देगा। तो आइए, इस भव्य आयोजन का हिस्सा बनें। और माता रानी का आशीर्वाद प्राप्त करें।

## संभल में 19 कूप, 36 पुरवे, 52 सराय और 68 लापता हुए तीर्थों को तलाश रही पुलिस

**संभल (एजेंसी)।** संभल में सैकड़ों साल पुरानी मूर्ती मिलने से जिला प्रशासन सतर्क हो गया है। सरकारी रिकॉर्ड में 19 कूप, 36 पुरवे, 52 सराय और 68 तीर्थ लापता है। प्रशासन ने इसे सूचीबद्ध करके इनकी तलाश शुरु कर दी है। डीएम राजेंद्र पेंसिया ने कहा कि यहां पर चार तरह की कार्रवाई की जा रही है। पहली यह है कि जो शुरुआत में ही बताया गया कि संभल में 19 कूप, 36 पुरवे, 52 सराय और 68 तीर्थ हैं। इनकी खोज करने में पूरी टीम लगी हुई है। दूसरा जो अस्थायी अतिक्रमण नालियों आदि पर किया गया है, उन्हें हटाया जा रहा है। स्थायी अतिक्रमण को नोटिस देने के बाद पूरी प्रक्रिया के तहत हटाया जाएगा। तीसरा बिजली चोरी के खिलाफ एक्शन है। बिजली चोरी में अभी तक पांच करोड़ का एसेसमेंट बनाया गया है। बिजली चोरी रोकने केलिए आर्मड केबल लगाया जा रहा है। चौथा प्लान गैरकानूनी गतिविधियों पर एक्शन की तैयारी है।



वहीं, बीते रोज मिले मंदिर को लेकर डीएम ने बताया कि वहां पर सीसीटीवी लगा दिए गए हैं। पुलिस टीम भी सुरक्षा में लगा दी गई है। अतिक्रमण को लेक डीएम ने कहा कि कोई भी तालाब सार्वजनिक संपत्ति होती है। सुप्रीम कोर्ट भी कहता है कि इनकी सुरक्षा बहुत जरूरी है। जिसने भी तालाब पर अतिक्रमण किया है उन्हें नोटिस देकर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की जाएगी। गौरतलब है कि 24 नंवबर को जामा मस्जिद के सर्वे के दौरान यहां हिंस भड़क गई थी। इस हिंसा में गोली लगने से चार युवकों की मौत हो गई थी। इसी के बाद पुलिस ने बड़े पैमाने पर एफआईआर दर्ज की और धरपकड़ का अभियान चलाया है। इसी के तहत यहां पर अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान में शनिवार को बड़े पैमाने पर बिजली चोरी पकड़ी गई।

## उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी टीपू सुल्तान पुस्तक के लोकार्पण कार्यक्रम में



चमकता राजस्थान

**जयपुर।** उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी जयपुर में Tipu Sultan: The Saga of Mysore's Interregnum (1760-1799) पुस्तक के लोकार्पण कार्यक्रम में सम्मिलित हुई। उन्होंने लेखक विक्रम संपत को इस ऐतिहासिक रचना के लिए हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई प्रेषित करते हुए कार्यक्रम को संबोधित किया।

## हिमाचल में 31 करोड़ रुपए की परियोजनाओं का सीएम सुक्खू ने किया उद्घाटन

सोलन। हिमाचल प्रदेश के सीएम सुखविंदर सिंह सुक्खू ने सोलन जिले के नालागढ़ विधानसभा क्षेत्र में 31 करोड़ रुपए की लागत वाली कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। सीएम सुक्खू ने क्षेत्र की प्रगति के लिए सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई और भरोसा दिलाया कि वित्तीय समस्याएं क्षेत्र के विकास में बाधा नहीं बनेंगी। सीएम सुक्खू ने मित्तियां, बेहली, खल्लर और आसपास के क्षेत्रों के गांवों के लिए 7.24 करोड़ रुपए की लागत वाली पेयजल योजना का भी उद्घाटन किया। उन्होंने नालागढ़ के लिए 5.22 करोड़ रुपए लागत से निर्मित सात नलकूपों और क्षेत्र में 4.82 करोड़ रुपए की लागत से पेयजल सुधार परियोजनाओं का भी उद्घाटन किया। उन्होंने तीन पुलों की आधारशिला रखी, जिनमें 5.77 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित होने वाला कोटला कलां पुल, 4.44 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित होने वाला रेतार खड्ड पुल और 3.51 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित होने वाला भटौली खड्ड पुल शामिल हैं।

## आमजन को बेहतर सुविधाएं प्रदान करने के प्रति सरकार प्रतिबद्ध : दिया कुमारी

चमकता राजस्थान





### ग्लोबल रोड कंस्ट्रक्शन कॉन्फ्रेंस 2024 आयोजित

**जयपुर।** जयपुर के राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में ग्लोबल रोड कंस्ट्रक्शन कॉन्फ्रेंस 2024 आयोजित किया गया जिसमे देश में राजमार्ग निर्माण के प्रयासों में तेजी आने के साथ ही सरकार ने अगले दो वर्षों में प्रतिदिन 100 किलोमीटर सड़क निर्माण का महत्वाकांक्षी लक्ष्य रखा, इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए प्रदेश के बुनियादी ढांचे में प्रगति लाने में शोधकर्ताओं, इंजीनियरों और श्रमिकों के अविश्वसनीय योगदान की सराहना की और प्रदेश के बुनियादी ढांचे को और सुदृढ़ कर आमजन को बेहतर सुविधाएं प्रदान करने के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता व्यक्त की उन्होंने कहा कि नई तकनीकों और संधारणीय सामग्रियों के साथ सड़क निर्माण में क्रांति लाना ,थीम पर केंद्रित यह कॉन्फ्रेंस ऐसी नवीन तकनीकों को पेश करेगी जो निर्माण प्रक्रियाओं को गति देंगी और सुरक्षित और अधिक संधारणीय सड़कों के निर्माण में योगदान देंगी। इस कॉन्फ्रेंस से इंफ्रास्ट्रक्चर विकास के माध्यम से सामाजिक-आर्थिक विकास को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की उम्मीद है। इसमें भाग लेने वाले शीर्ष उद्योग नेताओं और निर्णयकर्ताओं जुड़े ,20 से अधिक देशों के प्रतिनिधियों के साथ, कॉन्फ्रेंस विचारों के आदान-प्रदान और सहयोगी अवसरों की खोज के लिए एक वैश्विक मंच प्रदान करती है। प्रतिभागियों को उद्योग विशेषज्ञों और विश्व स्तरीय वक्त-ाओं की अंतर्दृष्टि से लाभ होगा, जो सड़क निर्माण में नवीनतम रुझानों और नवाचारों पर अपना ज्ञान साझा करेंगे। यह सम्मेलन एक व्यापक बाज़ार के रूप में भी काम करेगा जहाँ विक्रेता, आपूर्तिकर्ता और खरीदार एक गतिशील स्थान पर मिल सकते हैं। यह वातावरण नए व्यावसायिक अवसरों की खोज करने और उद्योग के भविष्य को आकार देने वाली अत्याधुनिक तकनीकों की खोज करने के लिए आदर्श है। इसके अतिरिक्त, इस कार्यक्रम में जीवंत पैनल चर्चाएँ होंगी जो उभरती चुनौतियों को संबोधित करेंगी और दूरगामी समाधान सुझाएँगी, जिससे यह सुनिश्चित होगा कि प्रतिभागी सड़क निर्माण क्षेत्र के उभरते परिदृश्य की गहरी समझ के साथ जाएँ।

## क्या 2013 की तरह इस बार महाकुंभ में पीएम उम्मीदवार के नाम पर लगेगी मुहर?

### –योगी के नाम पर सभी की रजामंदी, सार्वजनिक रुप से अभी नहीं होगा ऐलान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रांत स्तर के एक पदाधिकारी बताया कि प्रयागराज में होने वाले महाकुंभ में बीजेपी के अगले पीएम उम्मीदरवार के नाम का प्रस्ताव आ सकता है। वे बताते हैं कि योगी आदित्यनाथ के नाम पर सभी की रजामंदी है। अभी लोकसभा चुनाव दूर हैं, इसलिए सीधे तौर पर उनके नाम का ऐलान नहीं होगा। योगी को प्रोजेक्ट करने की पूरी तैयारी चल रही है।

महाकुंभ 13 जनवरी, 2025 से शुरू होगा। 12 साल पहले प्रयागराज में ही आरएसएस ने नरेंद्र मोदी का नाम संतों के सामने रखा था। उनके समर्थन के बाद नरेंद्र मोदी को बीजेपी का पीएम उम्मीदवार घोषित किया गया था। क्या इस बार भी ऐसा ही योगी आदित्यनाथ के लिए होगा।

मीडिया रिपोर्ट से सामने आया है कि लोकसभा चुनाव हों या विधानसभा चुनाव, योगी आदित्यनाथ का नाम बीजेपी के स्टार प्रचारकों की लिस्ट में शामिल है। वे राजस्थान, मध्यप्रदेश, बिहार, छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र, हरियाणा, झारखंड, जम्मू-कश्मीर, उत्तराखंड से लेकर साउथ में तमिलनाडु और तेलंगाना तक चुनावी रैलियां कर चुके हैं। हाल ही में हुए महाराष्ट्र के विधानसभा चुनाव में योगी आदित्यनाथ के 'बंटेंगे तो कटेंगे' नारे का असर भी दिखा। यहां उन्होंने 11 रैलियां कर 17 उम्मीदवारों के लिए वोट मांगे थे। इनमें 15 चुनाव जीत भी गए। योगी ने ये नारा यूपी में 9 सीटों पर हुए उपचुनाव के दौरान बार-बार दोहराया था। पीएम मोदी ने 5 अक्टूबर को ठाणे और वाशिम में हुई रैलियों में अलग ढंग से यही बात कही थी।

आरएसएस के पदाधिकारी बताते हैं कि बंटेंगे तो कटेंगे का नारा भले योगी के मुंह से निकला हो, लेकिन इसके पीछे आरएसएस ही है। ये आरएसएस की शाखाओं में गाया जाने वाला बहुत पुराना गीत है। इसे आजादी के समय से गाया जा रहा है। ये गीत था- इतिहास कहता है कि हिंदू भाव को जब-जब भूले, आई विपदा महान, भाई छूटे, धरती खोई, मिटे धर्म संस्थान।

यही बात मथुरा की बैठक में सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबोले ने कही थी। उन्होंने कहा कि हिंदू समाज में एकता नहीं रहेगी, तो आजकल की भाषा में बंटेंगे तो कटेंगे हो सकता है। कुंभ में इस बार हिंदू एकता की चर्चा होगी, क्या किसी बड़े मुद्दे पर चर्चा होगी या फिर कोई बड़ा फैसला लिया जाएगा? इस पर होसबोले ने कहा कि इसकी चर्चा तो हम कई साल से कर रहे हैं। ये हमारे करिकुलम में बहुत पहले से है। इस बार चर्चा आरएसएस के उस गीत को दोबारा चर्चा में लाने वाले की होगी। चर्चा होगी कि देश का भविष्य किसके हाथों में सुरक्षित रहेगा। चर्चा होगी कि नया सूर्य कौन होगा।

आरएसएस के पदाधिकारी ने कहा कि ये सब उस तरह नहीं होगा, जैसे मोदी के नाम पर मुहर लगी थी। तब कुंभ के अगले साल लोकसभा चुनाव थे। इसलिए पीएम पद के लिए चेहरे पर पक्की मुहर के लिए उस आयोजन से बेहतर कोई और वक्त नहीं था। इतने बड़े स्तर पर



हिंदू समाज के संगठन और साधु-संतों का जमावड़ा फिर कहां मिलता। इस बार कुंभ और चुनाव के बीच चार साल का फासला है। नाम पर तो चर्चा होगी, लेकिन सभी संगठनों के बीच एक प्रस्ताव की तरह इसे लाया जाएगा।। पदाधिकारी ने कहा कि सूची में अब तक तो योगी ही हैं।

# प्रदेश में पोपा बाई का राज कायम मुख्य मंत्री घूमने में व्यस्त : डोटासरा

चमकता राजस्थान





**जयपुर।** उद्योगपति गौतम अडानी एवं उनके सहयोगियों पर अमेरिका के न्याय विभाग द्वारा लगाये गये आरोपों पर केन्द्र सरकार की जॉच कराने में उदासीनता तथा संसदीय चर्चा को जानबूझकर रोकने एवं मणिपुर में जारी हिंसा के विरोध में प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा के नेतृत्व में प्रदेश कांग्रेस द्वारा जयपुर के शहीद स्मारक पर धरने के रूप में एकत्रित होकर राजभवन के लिये पैदल मार्च निकाल विरोध-प्रदर्शन किया गया। विरोध-प्रदर्शन में पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, एआईसीसी के महासचिव सचिन पायलट, विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली, विधायक, विधायक प्रत्याशी, प्रदेश कांग्रेस पदाधिकारी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल रहे।

विरोध-प्रदर्शन में कांग्रेसकार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुये गोविन्द सिंह डोटासरा ने कहा कि पिछले दस वर्ष से देश की सम्पदा लूटी जा रही है, देश के प्रधानमंत्री चुनिन्दा उद्योगपति मित्रों को देश की सम्पदा का मालिक बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि 70 साल के शासन में कांग्रेस पार्टी के नेताओं ने अपने खून-पसीने से सींचकर, बड़े से बड़े बलिदान देकर इस देश की सम्पदा को बनाने का कार्य किया था, उन सारी सम्पत्तियों को देश के प्रधानमंत्री उद्योगपति अडानी के हवाले कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि बैंकों को लूटा जा रहा है, सेबी पर आरोप है कि वे कर्त्तव्यनिर्वहन की बजाए चुप्पी लगाई बैठी है। उन्होंने कहा कि देश की सार्वजनिक नवरत्न कम्पनियों को एक-एक प्रधानमंत्री अपने उद्योगपति मित्रों को दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि आरोप तो यह भी लगें है कि देश में शैल कम्पनियों के मार्फत पैसा आ रहा है, कांग्रेस नेता राहुल गॉंधी ने संसद में पूछा की शैल कम्पनियों के माध्यम से आया यह कालाधन भाजपा नेताओं का तो नहीं है। उन्होंने कहा कि यदि यह कालाधन भाजपा नेताओं का नहीं है तो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इन आरोपों का खण्डन करना चाहिये। उन्होंने कहा कि खण्डन करने की बजाए भाजपा के ईशारे पर राहुल गॉंधी पर ही मुकद्में दर्ज हो जाते हैं, जो मुकद्में कई वर्षों से न्यायालय में स्टे होने से लम्बित थे, उन पर स्टे हटाकर कार्यवाही प्रारम्भ हो जाती है और देश की संसद से श्री राहुल गॉंधी की सदस्यता को समाप्त करने का काम भाजपा की केन्द्र सरकार करती है। उन्होंने कहा कि शैल कम्पनियों के मार्फत आये कालेधन की जॉंच जेपीसी से कराने की मांग की गई, सेबी पर आरोप लगे, लेकिन केन्द्र सरकार को इससे कोई सरोकार नहीं है, क्योंकि भाजपा को तो केवल चुनाव लडऩा है और अपने मित्रों को मजबूत करना है। उन्होंने कहा कि भाजपा को गरीब की चिंता नहीं है, देश में प्यार-मोहब्बत कैसे कायम रहे, इसकी भी चिंता नहीं है। उन्होंने कहा कि देश का नौजवान कैसे शिक्षित हो, उसे रोजगार कैसे मिले, किसान कैसे मजबूत हो, इसकी भी चिंता नहीं है। उन्होंने कहा कि भाजपा को यह परेशानी है कि संविधान में बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर का नाम क्यों है, वे इसे बदलना चाहते हैं।

डोटासरा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जयपुर आये और राजस्थान के मुख्यमंत्री की तार-ीफ कर रहे हैं किन्तु कोई यह नहीं बता रहा कि राजस्थान के विकास के लिये केन्द्र ने कोई एक पैसा भी दिया हो। उन्होंने कहा कि प्रदेश में आज कानून-व्यवस्था नाम की कोई चीज नहीं है, माता-बहिनों के साथ बलात्कार हो रहे हैं, कोई सुध लेने वाला नहीं है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में नौकरशाही हावी हो रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के मुख्यमंत्री केवल भ्रमण कर रहे हैं और नौजवान उनसे रोजगार पर जवाब मांग रहा है। उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार पर भाजपा ने पेपर लीक एवं रोजगार नहीं देने का आरोप लगाये थे जबकि कांग्रेस सरकार ने 3.50 लाख युवाओं को सरकारी नौकरियां दी थी और आज भाजपा की सरकार ने केवल वही नौकरियां दी हैं जो पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के समय की प्रक्रियाधीन है, कोर्ट में लम्बित थी अथवा किसी कारण से प्रक्रियापूर्ण नहीं हो सकी। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने अब तक केवल कांग्रेस शासन में निकाली भर्तियों पर ही नौकरी दी है, एक भी भर्ती की प्रक्रिया अभी तक नहीं निकाली है। उन्होंने कहा कि भाजपा के नेता कहते हैं कि पहले पेपर लीक हो गये थे और अब पेपर लीक नहीं हो रहे हैं, जबकि वास्तविकता यह है कि भाजपा शासन में भर्तियों के पेपर ही नहीं हुये। उन्होंने कहा कि वास्तविकता में तो भाजपा की सरकार ही लीक हो रही है, कोई मंत्री इस्तीफा जेब में लिये घूम रहा है, कई विधायक सरकार पर ही आरोप लगा रहे हैं। उन्होंने कहा कि कृषि मंत्री जब पूर्व में इस्तीफा देने की बात कह रहे थे और अब काम पर लौट आये हैं, ने मंत्री पद सम्भालते ही कहा था कि किसानों की आदत खराब हो गई है, लोन लेने पर चुकाते नहीं है, इसलिये किसानों को ऋण नहीं मिलना चाहिये, उनसे प्रश्न है कि क्या वह अब भी इस वक्तव्य पर कायम है। उन्होंने प्रश्न किया कि देश के गृहमंत्री अमित शाह ने जिस प्रकार बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर के विरूद्ध निम्न स्तरीय टिप्पणी की, क्या भाजपा उस पर कायम है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने भले ही चुनाव जीता हो, सरकारें लूट ली, लेकिन देश की जनता का दिल तो नेता विपक्ष राहुल गॉंधी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड×गे ने जीता है। उन्होंने कहा कि राहुल गॉंधी ने देश में कन्याकुमारी से कश्मीर तक भारत जोड़ो यात्रा निकालकर एक मिसाल कायम की थी। उन्होंने कहा कि देश में राष्ट्रीय मीडिया पहले कम दिखाता था, किन्तु आज गृहमंत्री अमित शाह और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से ज्यादा राहुल गॉंधी एवं मल्लिकार्जुन खड×गे की खबरें दिखाई जाती है। उन्होंने कहा कि राजस्थान में मुख्यमंत्री की नहीं चल रही है, मंत्रियों और विधायकों की नहीं चल रही है। उन्होंने कहा कि हद हो गई जब शहरी एवं ग्रामीण नगर निकायों एवं पंचायती राज संस्थाओं में जो हमारे जनप्रतिनिधि विकास के कार्य करते थे उनके अधिकार भी सरकार ने छीनने की शुरूआत कर दी है, 59 नगर निकायों में प्रशासक लगा दिये हैं। उन्होंने कहा कि जब संविधान में पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. श्री राजीव गॉंधी ने संशोधन कर नगर निकायों एवं पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव पांच साल में कराना अनिवार्य किया था, तो उसके बाद इन चुनावों को भाजपा कैसे रोक सकती है। उन्होंने कहा कि पंचायती राज एवं नगर निकायों के चुनावों के लिये कांग्रेस पार्टी सड×क से सदन तक संघर्ष करेगी और जरूरत होगी तो कोर्ट का भी दरवाजा खटखटायेंगे, लेकिन भाजपा को मनमानी नहीं करने देंगे। उन्होंने मुख्यमंत्री को चुनौती देते हुये कहा कि गृह जिले भरतपुर में 12 महिने से जिला प्रमुख का पद खाली है, दम है तो 15 दिन में भरतपुर जिला प्रमुख का चुनाव कराकर दिखायें और अपने प्रत्याशी को जिताकर दिखायें। उन्होंने कहा कि 6 महिने भाजपा सरकार ने कांग्रेस को कोसने में निकाल दिये, हर चीज और काम में घोटाले का आरोप लगा रहे हैं, अब समीक्षा के नाम पर समय निकाल दिया, चार माह राईजिंग राजस्थान के नाम पर बतौर पर्यटक गवा दिये, लेकिन प्रदेश में कोई कार्य नहीं किया। उन्होंने कहा कि बड़े-बड़े दावे भाजपा के नेताओं द्वारा किये गये, एक चुहिया नहीं पकड़ सके, मगरमच्छ पकडने की बात करते हैं। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार थी जिसने पेपरलीक का पता लगते ही बाबूलाल कटारा को गिरफ्तार किया, उसे भाजपा की सरकार ने नहीं पकड़ा था। उन्होंने कहा कि रामूराम राईका को पकड़ा तो उसे लगाया भी भाजपा ने ही था। उन्होंने कहा कि एसआई भर्ती को मुद्दा बनाया था, वे न्यायालय से जमानत लेकर नौकरी में वापस आ गये। उन्होंने कहा कि एसआई भर्ती रद्द होनी चाहिये या नहीं होनी चाहिये, इस मुद्दे पर अब किरोड़ीलाल मीणा एक शब्द नहीं बोल रहे हैं।

उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार की योजनायें जनकल्याणकारी थी, किन्तु भाजपा नेताओं के बहकावे में, लच्छेदार भाषणों से भ्रमित होकर प्रदेश में भाजपा की सरकार बन गई। उन्होंने कहा कि सरकार बनने पर जनहित सबसे बड़ा उद्देश्य होना चाहिये, लेकिन भाजपा की सरकार मनमानी कर रही है, भ्रष्टाचार हो रहा है, नौकरशाही के भरोसे प्रदेश को छोड़ दिया, गुजरात की कम्पनियों को टेंडर दिये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं का कर्त्तव्य है कि राहुल गॉंधी, मल्लिकार्जुन खड×गे एवं श्रीमती प्रियंका गॉंधी के आ''ान पर अपनी पूरी ताकत के साथ जनसेवा के कार्यों में जुट जायें। उन्होंने कहा कि प्रदेश में पोपाबाई का राज चल रहा है जिसकी नाक में नकेल डालने के लिये सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं को एकजुटता के साथ संघर्ष में शामिल होना पड़ेगा।

पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने उपस्थित कांग्रेसजनों को सम्बोधित करते हुये कहा कि देश में जो हालात हैं वह चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि देश में मंहगाई बढ़ रही है, बेरोजगारी बढ़ रही है, मजदूरों की समस्या है, देश में आर्थिक संकट है, किसानों की समस्यायें हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा द्वारा देश को मूल मुद्दों से भटकाने हेतु अडानी, अम्बानी जैसे विषयों पर उलझाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि किसान आन्दोलन कर रहे हैं, उस पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राहुल गॉंधी देश में सिंद्धांतों और विचारधारा की लड़ाई लड़ रहे हैं और हमें गर्व है कि हम उस पार्टी के सिपाही हैं जहॉं विचारधारा सर्वोपरि है। उन्होंने कहा कि देश में हर गॉव में कांग्रेस के कार्यकर्ता मिलेंगे। उन्होंने कहा कि देश में भले ही शासन भाजपा को हो, लेकिन देश में कांग्रेस ही एकमात्र पार्टी है जो हर स्थान पर मिलेगी। उन्होंने कहा कि सभी कांग्रेस कार्यकर्ता संकल्प लेकर जायें कि जब भी कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड×गे और राहुल गॉंधी आ''ान करें तो सब एकजुटता के साथ उनके हाथ मजबूत करने हेतु संघर्ष में शामिल हो।

नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने सम्बोधित करते हुये कहा कि देश में भ्रष्टाचार का बहुत बड़ा मुद्दा है और नेता विपक्ष राहुल गॉंधी द्वारा उठाये जाने के बावजूद सरकार इस पर जवाब देने की बजाए चुप बैठी है। उन्होंने कहा कि यह भ्रष्टाचार का पहला मामला नहीं है इससे पूर्व इलेक्टोरल बॉण्ड के माध्यम से 13 हजार करोड़ रूपये का चंदा भाजपा ने लेकर उद्योगपतियों को लाभ पहुॅंचाया था लेकिन इस की जॉंच नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि मणिपुर जल रहा है, माता-बहिनों को निर्वस्त्र कर हिंसा की गई, किन्तु केन्द्र सरकार मौन है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को मणिपुर जाने का समय नहीं मिल रहा है जबकि वहॉं डेढ़ वर्ष से हिंसा जारी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जयपुर में ईआरसीपी योजना का उद्घाटन करने आये किन्तु इस परियोजना पर एक रूपया भी भाजपा सरकार ने खर्च नहीं किया, पूर्ववर्ती कांग्रेस शासन के दौरान दो बांध तो पूरे बन गये थे और कार्य जारी था। उन्होंने कहा कि ईसरदा और नवनेरा बांध बनकर तैयार हो गये, इस परियोजना को आगे बढ़ाने का काम कांग्रेस सरकार ने किया था, जबकि भाजपा ने इसको लटकाने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा के नेताओं बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर का अपमान किया जा रहा है जिसे देश नहीं सहेगा। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनावों में संविधान बदलने की बात भाजपा कहती थी, किन्तु चुनौती है यह भाजपा बाबा साहेब के संविधान को कभी बदल नहीं पायेगी।

एआईसीसी महासचिव सचिन पायलट ने इस अवसर पर सम्बोधित करते हुये कहा कि जिस प्रकार देश में संविधान के प्रावधानों एवं नैतिकता की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं उसके विरोध में कांग्रेस पार्टी के सभी नेता एकजुट होकर विरोध-प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि देश में सार्वजनिक सम्पतियां चुन-चुन कर व्यक्ति विशेष को देना गलत है, एयरपोर्ट, बंदरगाह, हाईवे, रेल, बिजली घर, खान औने-पौने दाम पर बैंकों से कर्जा दिलाकर व्यक्ति विशेष को दिया जा रहा है जो गलत है। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार की इस नीति का हम विरोध करते हैं।

विरोध-प्रदर्शन में उपस्थित सैंकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ताओं को राजभवन मार्च में जाने से रोकने हेतु भाजपा की प्रदेश सरकार द्वा-रा बेरीकेट लगाकर रास्ता रोकने एवं नेताओं व कार्यकर्ताओं पर गंदे पानी की बौछार किये जाने के कृत्य की कांग्रेस पार्टी कड़े शब्दों में निन्दा करती है ।

## ईआरसीपी की घोषणा को लेकर पूर्व सांसद पंडित रामकिशन और किसान नेता इंदल सिंह जाट ने बीजेपी सरकार का किया धन्यवाद ज्ञापित



**चमकता राजस्थान। भरतपुर (राजवीर सिंह)।** पूर्वी राजस्थान के पानी की समस्या को लेकर कल जयपुर में प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री द्वारा इआरसीपी और पीकेसी के उद्घाटन और घोषणा करने को लेकर भरतपुर के पूर्व सांसद पंडित रामकिशन और किसान नेता इन्दल सिंह जाट ने राजस्थान सरकार को धन्यवाद दिया है।

पूर्व सांसद पंडित रामकिशन और किसान नेता इन्दल सिंह ने वयान जारी कर कहा है कि हम जिस पानी के लिये वर्ष 2007 से लगातार संघर्ष कर रहे थे वो संघर्ष अब जनता के हित में मूर्त रूप लेने जा रहा है, जिसका लाभपूर्वी राजस्थानकी जनता को मिलेगा ।उन्होंन इआरसीपी बनाने के लिये पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे को भी धन्यवाद दिया जबकि योजना को आगे बढ़ाने और निर्माण कार्य कराने के लिये पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलौत का भी धन्यवाद किया ।

उन्होंने कहा कि राज्य के मुख्यमंत्री बनते ही भजनलाल शर्मा ने सबसे पहले इआरसीपी पीकेसी का मध्यप्रदेश और केन्द्र के साथ मिलकर पानी का समझौता किया था, समझौता करने के लिये राज्य के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को भी धन्यवाद दिया।

उन्होंने कहा कि भरतपुर डीग के तीन बाँधों बंध बारैठा ' अजान और सीकरी बाँध को फिलहाल शामिल किया गया है बाकी बाँधों को भी शामिल करना चाहिये ।

पूर्व सांसद पंड़ित रामकिशन और इन्दल सिंह ने कहा कि इस योजना में चम्बल और उसकी सहयोगी नदियों के पानी को सूखे बाँध और नदियों ने लाया जायेगा। उन्होंने सरकार से माँग की कि बाढ़ के पानी के लिये भी भरतपुर जिले को योजना बननी चाहिये ताकी यहाँ समूचित सिंचाई और पेयजल का प्रबंध हो सके।उन्होंने प्रथम चरण की समय अवधि को भी घटाने का सुझाव दिया तथा सूखी पड़ी बाणगंगा नदी,रुपारेल और गम्भीर में प्रथम चरण के तहत पानी लाने की जरूरत बताई । उन्होंने कहा कि वैसे ही ये योजना काफी लेट हो चुकी है अब इस को पूरा करने के लिये तेजी से निर्माण कार्य होने चाहिये।

## उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी प्रदेश महामंत्री चंद्रशेखर की माताजी की श्रद्धांजलि सभा में

चमकता राजस्थान

**जयपुर।** उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने आज भाजपा राजस्थान के पूर्व संगठन महामंत्री एवं भाजपा तेलंगाना के प्रदेश महामंत्री (संगठन) चंद्रशेखर की पूज्यनीय माताजी की तीर्थराज पुष्कर में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में छायाचित्र पर श्रद्धासुमन अर्पण कर शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की।



## सर्दी ने दिखने शुरू किये तेवर,सब्जियों में नुकसान की आशंका, जौ और गेहूं की फसल को हो सकता है फायदा

चमकता राजस्थान

**फुलेरा (दामोदर कुमावत)** । कस्बे व आसपास के क्षेत्र में इन दिनों सर्दी ने अपने तेवर दिखाने शुरू कर दिए जिससे आम जनजीवन प्रभावित हुआ है। शीत लहर के चलते बढ़ती सर्दी से जन जीवन ठहरसा गया है। सुबह व शाम कस्बे की सड़के सूनी हो जाती है वही प्रातः व सांय काल लोग सर्दी से बचने के लिए अलाव जलाकर तपते हुए देखे गए हैं, जबकि दूसरी ओर हरिपुरा निवासी किसान लालचंद नेतड, भंवरलालदूधवाल,भागचंद ककरालिया, गणेश यादव सहित अन्य किसानो ने जानकारी देते बताया कि क्षेत्र में पिछले दो-तीन दिनों से शीतलहर चलने व पाला पड़ने से टमाटर, मटर, मिर्च आदि सब्जियों सहित सरसो की फसल को नुकसान होने की संभावना बनी हुई है। दूसरी ओर सर्दी तेज पड़ने से जौ, गेहूं आदि फसलों को फायदा हो सकता है।सिचांई की पाइप लाइन में बर्फ जम गई। किसान सब्जियों को बचाने के लिए तिरपाल आदि से ढककर बचाव कर रहे हैं। सर्दी पड़ने से ग्रामीणों की दिनचर्या में बदलाव देखने को मिला है और शीतलहर चलने से लोगों को दिनभर गर्म कपड़ों का सहारा लेना पड़ रहा है। वही बाजारो मे भी सन्नाटा सा छाया रहता है।




# जनता की संपत्ति को औने-पौने दाम पर व्यक्ति विशेष को दिया जा रहा है : सचिन पायलट

चमकता राजस्थान

जयपुर। पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट शहीद स्मारक पर प्रदेश कांग्रेस द्वारा आयोजित अड़ानी घुसकांड एवं मणिपुर हिंसा के खिलाफ विरोध प्रदर्शन एवं राजभवन मार्च में शामिल हुए,इस दौरान प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा,पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत,नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ,कांग्रेस के विधायक, सभी पीसीसी पदाधिकारीगण एवं हजारों की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

सचिन पायलट ने अपने संबोधन में कहा 4 जून 2024 को जो लोकसभा के परिणाम आए। जिस प्रकार की आक्रमण रणनीति को भाजपा सरकार अंजाम दे रही है।





किस तरह से देश के प्रतिष्ठा को कुछ चुनिंदा लोगों के हाथ में दिया जा चुका है हम उद्योगपतियों के विरोधी नहीं है निवेश का रास्ता पूर्व कांग्रेस सरकार में पूर्व पीएम मनमोहन सिंह जी ने खोला था जनता की संपत्ति को औने-पौने दाम पर व्यक्ति विशेष को दिया जा रहा है। हम इसके खिलाफ है यही भाजपा सरकार बैंकों से इन चुनिंदा लोगों को लोन दे रही है। एक व्यक्ति के हाथ में देश की अर्थव्यवस्था देना। गलत है हम उद्योगपतियों का के खिलाफ नहीं है आज जो 3 ट्रिलियन ,4 ट्रिलियन अर्थव्यवस्था जो हमारी बन रही हैं। उसकी नींव कांग्रेस पार्टी ने रखी थी। देश की पूरी संपति चुन चुनकर किसी एक व्यक्ति को दे दो । यह गलत है । सरकारी बैंकों से कर्जा दिलवाकर उसे दे दो गलत है आगे कहा कि मणिपुर की स्थिति किससे छुपी है लगातार मणिपुर जल रहा है। वहां गोलियां चल रही हैं वहां मात्र दो लोकसभा क्षेत्र है इसलिए भाजपा सरकार वहां देखना नहीं चाह रही हैं। मैं मांग करता हु। कि पीएम नरेन्द्र मोदी जी वहां जाए, बात करे और समस्या का समाधान करे। हमारा दायित्व है की हम मांग करे कि सरकार वहां जाए और शांति बहाल करे । सिर्फ गांधी परिवार को कोसना ठीक नहीं । आगे कहा कि भारत के जिस राज्य में अडानी ने करप्शन किया है। उसका खुलासा होना चाहिए। अमेरिका का जो कानून है उसमें साफ लिखा है। की अमेरिका में आप अगर वहां की जनता का निवेश करवाना चाहते हो तो आप किसी भी देश में आपने फर्जीवाड़ा किया हो तो आप वहां के लोगों का निवेश नहीं करवा सकते। आगे कहा कि इधर उधर की बाते छोड़ो सब एक, एक साथ लड़ेंगे। चार साल बाद सरकार लेकर आयेंगे।कल प्रधानमंत्री जी यहां पर आए लेकिन इस एफ्ब्ढ को राष्ट्रीय परियोजना का दर्जा नहीं दिया। भाजपा की सरकार को एक साल हो गया एक साल लगातार सत्ता का खिंचाव रहा । किसी को पता नहीं सरकार कौन चला रहा है दिल्ली से चल रही है या यहां से।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक अभय सिंह चौहान के लिए एम बी प्रिंटर्स, सी 74 सुदर्शन पूरा, जयपुर से मुद्रित एवं 1ए देवी नगर विस्तार, देवी नगर गली नं. 6 जयपुर 302019 से प्रकाशित। सम्पादक : अभय सिंह चौहान,
मोबाइल : 9314505000 (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार) संपादक : खलील कुरैशी, मोबाइल : 7891542929